# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 224 । भोपाल, रविवार 13 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

महिला थाना पुलिस ने स्पा सेंटर में मारा छापा — पृष्ठ 3
▪ पुल पर बैठा बूढ़ा ▪ वैचारिक मंथन से निकली कविताएं — पृष्ठ 4
▪ नहीं पहुंचे सांसद, ग्रामीणों ने अधिकारियों को लौटाया — पृष्ठ 6
50 प्रतिशत कमीशन वाली चिट्ठी फर्जी — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### राष्ट्रपति ने डीपीडीपी विधेयक 2023 को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक-2023 को संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद शनिवार को मंजूरी दे दी। यह विधेयक गत 09 अगस्त को राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। इससे पहले लोकसभा ने 07 को ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया था। विधेयक का उद्देश्य डेटा को कानूनी रूप से संसाधित करने की आवश्यकता के साथ अपने डेटा को सुरक्षित रखने के व्यक्तियों के अधिकार को संतुलित करके डिजिटल व्यक्तिगत डेटा का प्रबंधन करना है।

### पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान ने आत्महत्या की

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर स्वयं को गोली मारकर शनिवार तड़के आत्महत्या कर ली । अधिकारियों ने आज यहां कि 11 और 12 अगस्त की दरमियानी रात करीब एक बजकर 55 मिनट पर अवंतीपोरा में सेल चेरसू के पास गोलियों की आवाज सुनी गई। मौके पर सीआरपीएफ का जवान खून से लथपथ मृत पाया गया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ट्रस्टियों ने नया वाद किया दायर

**मथुरा, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद से संबंधित एक नया वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया गया है। यह वाद अब तक दायर सभी वादों से अलग है। डीजीसी सिविल संजय गौड के अनुसार अब तक दायर किये गए वाद में जहां श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया था वहीं नये वाद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ही एक वाद दायर कर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ईदगाह कमेटी के बीच 1968 में हुए समझौते को रद्द करने की प्रार्थना की गई है।

### दलित भाई-बहन पर हमला मामले में 7 गिरफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी।** पुलिस ने दलित छात्र और उसकी बहन पर हमला करने के आरोप में सात छात्रों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के नंगुनेरी में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों दलित बच्चों की मां ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है क्योंकि उन्हें मध्यवर्ती जाति के सदस्यों से बड़े हमले का डर है। पुलिस हाई अलर्ट पर है व जिले में पुलिस की संख्या बढ़ा दी गई है। 2021 में मदुरै व तिरुनेलवेली जिलों सहित दक्षिण तमिलनाडु में, दलितों और मध्यवर्ती जाति के सदस्यों की हत्या कर दी गई। हत्याएं दो समूहों के बीच पुरानी हत्याओं व दुश्मनी के कारण की गई थी।

### गोदाम में भीषण आग

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में उल्टाडांगा में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से एक गोदाम जलकर खाक हो गया। धनकोल इलाके में स्थित गोदाम में शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे भीषण आग लग गई, जिसमें सभी कागजात व एक तिपहिया ऑटो सहित दो वाहन जलकर खाक हो गए।

### सागर के ढाना में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा-

# देश को गरीबी और भूख से मुक्त कर रही सरकार





## दलित, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग को मिल रहा उनका हक

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार देश को गरीबी और भूख से मुक्त कर रही है और दलितों, आदिवासियों और पिछड़ो उनका हक दिया जा रहा है। श्री मोदी आज सागर जिले के ढाना में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछली विपक्षी सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि पिछले शासकों ने इन वर्गों की अनदेखी की और उन्हें सिर्फ चुनाव के समय याद किया। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकारें गरीबों को पानी तक देने में विफल रही। जबकि उनकी सरकार में दलित बस्तियों, पिछड़े इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों को जल जीवन मिशन के तहत नल से जल मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के विकास में दलित-पिछड़े और आदिवासी वर्ग की अहम भूमिका रही है। हमने इन्हीं को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि संत रविदास चाहते थे कि समाज में कोई भूखा नहीं रहे। हम सब छोटे-बड़े के भाव से ऊपर उठकर मिलकर साथ रहें। संत रविदास के इस विचार से प्रेरित होकर हम अमृत काल में गरीबी और भूख से लोगों को मुक्त करने का कार्य कर रहे हैं। कोरोना काल में हमने समाज के वंचित और जनजातीय वर्ग के लिए तमाम आशंकाओं से उठकर 80 करोड़ भारतीयों के लिए गरीब कल्याण अन्न योजना प्रारंभ की। कोविड के दौरान हमारे प्रयासों की तारीफ पूरी दुनिया में हुई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज देश में गरीब कल्याण की योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को प्राप्त हो रहा है। जीवन के हर पड़ाव पर देश, महिलाओं और वंचितों के साथ खड़ा है। उनकी आकांक्षाओं को हम सहारा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 6 हजार रुपए की राशि नवजात बच्चे और उसकी मां के लिए प्रदान की जाती है। बीमारियों के खतरे को रोकने में यह योजना मददगार है। मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से नवजात बच्चों की सुरक्षा और उनके टीकाकरण का लाभ साढ़े 5 करोड़ से अधिक माताओं और बच्चों को मिल रहा है। इसी तरह सिकलसेल मिशन एनिमिया से मुक्ति के लिए संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य है। अन्य रोगों के नियंत्रण पर भी कार्य हो रहा है। ऐसे रोग जिनसे वंचितों और निर्धनों को शिकार बनना पड़ता है, उनके नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित की।

जनसभा में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक, नागरिक उड्डायन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, सागर जिले के प्रभारी और सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, जनजाति कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह, सांसद वी. डी. शर्मा, राज बहादुर सिंह, अनिल फिरोजिया, महेन्द्र सिंह सोलंकी, संध्या राय, सुमित्रा वाल्मीकि, पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, बड़ी संख्या में रैदासी समाज के अनुयाई सहित विशाल जन समुदाय उपस्थित था।

### संत रविदास के सम्मान में संस्थाओं का किया जा रहा नामकरण

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बनारस में जहां संत रविदास की जन्म स्थली के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है, वहीं मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क गोविंदपुरा का नामकरण संत रविदास जी के नाम पर किया गया है। सागर में संत रविदास जी के जीवन और शिक्षा को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय का निर्माण भी इस श्रंखला में महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन और टंट्या मामा के नाम पर पातालपानी रेल्वे स्टेशन का नामकरण किया गया। इसी तरह बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों का विकास हो रहा है। संत रविदास सहित बलिदानियों और महात्माओं की शिक्षाएं इन स्थानों के माध्यम से समाज को एकजुट रखेंगी। सरकार ने ऐसे महापुरूषों के सम्मान का पूरा ध्यान रखा है।

### सागर के लाखा बंजारे का विशेष उल्लेख

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सागर की विशाल झील के निर्माता लाखा बंजारे के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस शहर की पहचान लाखा बंजारे द्वारा 400 एकड़ इलाके में निर्मित लाखा बंजारा झील से है। लाखा बंजारे ने पानी की अहमियत को समझा और झील का निर्माण करवाया। सरकार ने लाखा बंजारे की परम्परा को निभाते हुए आजादी के अमृत काल में हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करवाकर उन्हें सामाजिक समरसता का केंद्र बनाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सागर शहर समरसता का सागर बन गया है।

### भव्य संत रविदास मंदिर की नींव रखी, बोले-

## लोकार्पण के लिए भी जरूर आऊंगा



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर में बनने वाले भव्य संत रविदास मंदिर की नींव रखी है। यह मंदिर 100 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस अवसर पर मोदी ने कहा की संत रविदास के इस भव्य मंदिर की नींव रखने का मौका मुझे मिला है। मुझे ही एक डेढ़ साल बाद इस मंदिर का लोकार्पण करने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं काशी का सांसद हूं और काशी संत रविदास की जन्मभूमि है। मुझे उनके आशीर्वाद से ही इस मंदिर का भूमिपूजन करने का मौका मिला है। जबकि उनके आशीर्वाद से ही मैं इस मंदिर का लोकार्पण करने आऊंगा। श्री मोदी ने मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की इस मंदिर के निर्माण के लिए शिवराज सरकार के काम के लिए भी मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समरसता के प्रणेता श्री संत रविदास जी के भव्य और दिव्य रूप में स्मारक और मंदिर निर्माण कराने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री द्वारा आज किए गए शिलान्यास के बाद अब भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। यह मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। जहां इंटरप्रिटेशन म्यूजियम भी बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी इस परिसर में बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा। लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो अध्यात्मिक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे।

## संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। श्री संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया। वे परिश्रम से जो भी अर्जित करते थे, उसे संत सेवा और समाज को अर्पित कर देते थे। कई राजा और मीराबाई भी उनके शिष्य थे। श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास जी भारत को जोड़ने वाले संत थे। कोई छोटा नहीं, बड़ा नहीं, भक्ति कैसे करें इसका संदेश देने वाले थे संत रविदास जी। श्री चौहान ने इस मौके पर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे फैसले किए हैं जो बुंदेलखंड की तस्वीर बदल देंगे। बीना रिफाइनरी पर आधारित पेट्रो केमिकल्स उत्पाद पर 50 हजार करोड़ का निवेश आने वाला है। इसी बुंदेलखंड की धरा पर केन-बेतवा परियोजना का काम जल्दी प्रारंभ होने वाला है। इससे 20 लाख एकड़ जमीन पर बुंदेलखंड में सिंचाई होगी। बुंदेलखंड की धरती पंजाब, हरियाणा को मात देगी। प्रधानमंत्री ने 44 हजार करोड़ की योजना का उपहार बुंदेलखंड की जनता को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में जो हुआ वह अद्भुत और अभूतपूर्व है।

### समरसता यात्राओं का हुआ समापन

प्रदेश में संत रविदास मंदिर निर्माण के लिए पाँच अलग अलग स्थानों- नीमच, मांडव जिला धार, श्योपुर, बालाघाट और सिंगरौली से समरसता यात्रा निकली थीं। गत 25 जुलाई से शुरू हुई इन यात्राओं का प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के साथ ही समापन हुआ। इसके पहले प्रदेश के हर गांव से मिट्टी और सभी विकास खंडों की 313 नदियों से सांकेतिक जल लेकर यात्रा सागर पहुंची। प्रदेश के जिलों से होकर संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा गुजरी। मुख्य यात्राओं के साथ 1661 उप यात्रियों ने भी कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 352 जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समरसता यात्राएं 20 हजार 641 गांवों की मिट्टी और 313 नदियों के सांकेतिक जल एकत्र कर सागर पहुंची।

# भारत-पाक के बीच ईमानदारी से बातचीत हो



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को सभी मुद्दों पर समाधान के लिए बातचीत शुरू करने में ईमानदारी का परिचय देना होगा।

डॉ.अब्दुल्ला ने यहां यहां संवाददाताओं से भारत और पाकिस्तान के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश ईमानदारी नहीं दिखाते, तब तक जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन सब दिखावा है। आप देख रहे हैं कि वहां आतंकवाद है। गोलियां चलायी जा रही हैं तथा सैनिक और आम लोग अभी भी मारे जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे डॉ.अब्दुल्ला ने कहा कि सभी मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। आप देख रहे हैं कि युद्ध ने यूक्रेन का क्या किया। अमेरिका को कुछ नहीं हुआ। यूरोप आर्थिक रूप से टूट रहा है। कौन मारा जा रहा है, केवल यूक्रेन के लोग। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कॉस्मेटिक उपायों से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब हम चीन से कुछ चरणों में कई बार बात कर सकते हैं तो पाकिस्तान के साथ क्यों नहीं सीमाएं खोलो ताकि हम कश्मीर का दूसरा हिस्सा देख सकें जो पाकिस्तान के पास है।

### लव जिहाद पर कानूनी शिकंजे की तैयारी

# पहचान छिपाकर महिला से संबंध बनाना होगा अपराध

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मोदी सरकार ने लोकसभा में भारतीय दंड सहिता की जगह (आइपीसी) की जगह लेने के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक पेश किया है। अगर मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पारित हो जाता है तो लव जिहाद पर कड़ा कानूनी शिकंजा हो जाएगा।

- 10 साल की सजा का प्रावधान
- स्थायी समिति के पास भेजा गया

अपराध साबित होने पर आरोपी को10 साल की सजा सुनाई जा सकती है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो विधेयक लोकसभा में पेश किया है वह 1860 की भारतीय दंड संहिता की जगह ले लेगा। इसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहली बार कपटपूर्ण तरीके से शादी, रोजगार, पदोन्नति और झूठी पहचान के वादे के तहत महिलाओं के साथ संबंध बनाना अपराध क श्रेणी में होगा। आइपीसी में अभी तक इसके लिए दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। लेकिन नए प्रस्तावित कानून में इसे अपराध की श्रेणी में लाया गया है। इसमें दोषी को 10 साल की कठोर सजा दी जाएगी और साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। फिलहाल भारतीय न्याय संहिता विधेयक को संसद की स्थायी समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया है। इसकी रिपोर्ट आ जाने के बाद संसद में इसे चर्चा के लिए रखा जाएगा।

### दिल्ली महिला आयोग ने दिए एक साल के आंकड़े

# हेल्पलाइन पर आई 6 लाख से ज्यादा शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शनिवार को कहा कि जुलाई 2022 से जून 2023 तक उसके हेल्पलाइन नंबर 181 पर 6.3 लाख से अधिक कॉल आईं, जिनके आधार पर 92,004 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, आयोग को अन्य राज्यों से भी 11,000 से अधिक मामले प्राप्त हुए।

**सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा की कॉल आई**

डीसीडब्ल्यू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दर्ज मामलों में, घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 38,342 मामले हैं। इसके बाद पड़ोसियों के साथ झगड़ों के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 मामले, पोक्सो के 3,647 मामले, अपहरण के 4,229 और साइबर अपराध के 3,558 मामले हैं। आयोग को गुमशुदगी की 1,552 शिकायतें मिलीं। दहेज उत्पीड़न के 2,278 मामले, चिकित्सकीय लापरवाही के 790, यौन तस्करी से संबंधित 156, अन्य तस्करी के 40 और बाल विवाह के 69 मामले दर्ज किए गए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67 मामले, बाल श्रम के 66, अवैध शराब और नशीली दवाओं से संबंधित 63 और ऑनर किलिंग के 54 मामले मिले। आंकड़ों के अनुसार, सेवा से संबंधित 1,319 मामले, संपत्ति विवाद के 421 मामले, पुलिस उत्पीड़न के 354 मामले, आश्रय गृहों के लिए अनुरोध के 348 मामले, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले भी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, आयोग को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 58 शिकायतें और पुरुषों से 137 शिकायतें मिलीं।

### नरेला इलाके से सबसे ज्यादा मामले

क्षेत्रवार नरेला इलाके से सबसे ज्यादा 2,976 मामले आये। भलस्वा डेयरी से 1,651, बुराड़ी से 1,523, कल्याणपुरी से 1,371 और जहांगीरपुरी इलाके से 1,221 मामले आए। बलात्कार और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शीर्ष पांच क्षेत्र बुराड़ी (175), नरेला (167), गोविंदपुरी (105), उत्तम नगर (89) और सुल्तानपुरी में (86) शामिल हैं। हेल्पलाइन पर दर्ज किए गए पोक्सो मामलों के संबंध में, शीर्ष पांच क्षेत्र नरेला में 141 मामले, भलस्वा डेयरी 91, समयपुर बादली 71, प्रेम नगर 68 और निहाल विहार 66 थे। नरेला में अपहरण के सबसे ज्यादा 209 मामले थे। इसके बाद भलस्वा डेयरी में 106, बुराड़ी में 75, बवाना में 71 और संगम विहार में 63 मामले थे। कल्याणपुरी में घरेलू हिंसा के सबसे अधिक 769 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद बुराड़ी में 709 मामले, रणहौला में 685 मामले, भलस्वा डेयरी में 673 मामले और नरेला में 590 मामले दर्ज किए गए।

## सार समाचार

### फतेहगढ़ पुलिस ने चलाया अभिमन्यु अभियान



**गुना, देशबन्धु।** अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस द्वारा आमजन को महिलाओं एवं बच्चियों संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर सिरसी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार एवं उनके थाना स्टॉफ द्वारा ग्राम मारकी महू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ऑपरेशन ''अभिमन्यु'' के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा स्कूली छात्र/छात्राओं और ग्रामवासियों को ऑपरेशन अभिमन्यु के तहत लैंगिक सामानता, परस्पर सम्मान की भावना, शिक्षा थे माध्यम से दुष्परिणामों के बारे में, बच्चों के क्रियाकलापों पर का आंकलन करने, बचपन से महिलाओं के प्रति सम्मान की शिक्षा देने, युवाओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताने, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के परिणाम, सामाजिक व नैतिक कानून के बारे में जानकारी दी जाकर महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर, डायल 100 का भी प्रचार प्रसार किया गया ।

### छात्रावास में देखा रविदास मंदिर का कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**गुना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़तुमा सागर में 11 एकड़ भूमि पर लगभग 100 करोड़ की लागत से आकार लेने वाले संत रविदास जी के स्मारक और मंदिर का वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने शिला-पट्टिका का अनावरण भी किया और मंदिर की प्रतिकृति का अवलोकन भी किया। सागर में आयोजित संत रविदास संस्थान शिलान्यास समारोह का सीधा प्रसारण का आज लाइव गुना छात्रावासों के 80 छात्र-छात्रों को दिखाया गया। इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### यूनियन नेता को व्हाट्सएप पर मिल रही धमकियां, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**गुना, देशबन्धु।** शहर में संचालित ऑटो चालक यूनियन एटक के जिलाध्यक्ष को व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार जान से मारने एवं होशियार रहने की धमकियां मिल रही है। इस संबंध में फरियादी द्वारा कैंट थाने में शिकायत की गई। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होते देख यूनियन के पदाधिकारी एवं भाकपा पार्टी के कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की। यूनियन के अध्यक्ष मुस्ताक खान ने बताया कि वह गोपालपुरा निवासी हैं। पिछले एक महीने से उन्हें एक मोबाईल नंबर के व्हाट्सएप पर लगातार आपकी जान को खतरा है, किसी पर विश्वास न करें, बच कर, समझदारी और होशियारी से रहे, जैसे मैसेज आ रहे हैं। इसकी शिकायत उन्होंने कैंट थाने में की थी। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। लगातार आ रहे मैसेजों से परेशान होकर अब मुस्ताक ने एसपी से इस संबंध में शिकायत की है।

# एसआईटी ने चोरी मामले में 3 आरोपियों को उठाया, माल बरामद

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस एसआईटी टीम द्वारा गल्ला व्यवसायी के सूने घर से हुई चोरी के मामले में 3 आरोपियों को और दबोचकर 1.10 लाख रुपये नकदी और बरामद किए हैं। पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 02 लाख रुपये का माल बरामद किया जा चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया दीपाली जैन पत्नि सोनू जैन निवासी बड़ा जैन मंदिर के पास चौधरी मौहल्ला गुना की रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में द्वारा गुना कोतवाली में अप.क्र. 616/23 धारा 457, 380 भादवि का दर्ज किया गया था। जिसमें फरियादिया द्वारा नकदी एवं जेवर सहित कुल 5.40 लाख रुपये का सामान चोरी होना बताया गया था। उक्त मामले में 9 अगस्त को जयराज उर्फ जयवीर उर्फ कैदी पुत्र दशरथ कुशवाह निवासी पठार मोहल्ला गुना को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से 40 हजार नकदी सहित 1.80 लाख के जेवर बरामद किए गए थे। पुलिस द्वारा आरोपी जयराज को न्यायालय से पीआर पर लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा अरुण पुत्र दशरथ कुशवाह निवासी फठार मोहल्ला गुना, जुबेर खान पुत्र इंसाफ खान कर्नलगंज एवं दीपक कुमार निवासी नजूल कॉलोनी को चोरी का कुछ माल देना बताया। जिस पर उक्त तीनों को आरोपी बनाया गया एवं इन तीनों आरोपियों की भी आज 12 अगस्त को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर 01.10 लाख रुपये और बरामद किए गए हैं । इस प्रकार पुलिस द्वारा चोरी के उक्त प्रकरण में करीबन 03.10 लाख रुपये का माल बरामद किया गया है । प्रकरण की विवेचना जारी है एवं मुख्य आरोपी जयराज कुशवाह को 02 दिन के और पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिससे आगे और पूछताछ कर शेष माल बरामदगी की कार्यवाही की जावेगी।

### चोरी के 2 मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अलग-अलग दो चोरियों के आरोपी गिरफ्तार किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया श्रीमती कमलेश चौहान निवासी विंध्याचल कालोनी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 26-27 जुलाई 2023 की रात में कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसकर एक मोबाइल, एक सोने का मंगलसूत्र एवं कुछ नकदी रुपये चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार फरियादी देवेन्द्र सेन निवासी बांसखेडी गुना द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 9 अगस्त की शाम को कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान के काउंटर पर रखा उसका मोबाइल चोरी कर ले गया है। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। मामले में पुलिस ने गत दिवस अप.क्र. 624/23 में गज्जू उर्फ गजेन्द्र पुत्र प्यारेलाल जाटव निवासी महावीरपुरा गुना को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से प्रकरण में चोरी गया वन प्लस कंपनी का मोबाइल कीमती 30 हजार रुपये का बरामद किया गया। वहीं अप.क्र.662/23 की चोरी में आरोपी राजू मुल्ला उर्फ शकील खां पुत्र सलीम खां निवासी श्रीराम कालोनी गुना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रकरण में चोरी गया ओप्पो कंपनी का मोबाइल कीमती करीबन 10 हजार रुपये का बरामद किया गया है। उपरोक्त प्रकरणों में गिरफ्तारशुदा दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया।

# किसान मार्ट द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन के खाद्य पदार्थ बेचने पर मामला दर्ज



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी के निर्देशानुसार डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, रवि शिवहरे एवं लखन लाल कोरी द्वारा फर्म जैन किराना ऊमरी गुना का निरीक्षण कर रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं काली मिर्च, फर्म अरूण एण्ड कपिल मार्केटिंग भार्गव कॉलोनी, गुना से हल्दी पाउडर, चिली पाउडर, तुअर दाल एवं उड़द दाल एवं श्रीजी इण्डस्ट्रीज गोपालपुरा गुना से रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने जाँच हेतु लिये गये। उक्त नमूनों को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किसान मार्ट वन्दना स्कूल के सामने, ए.बी. रोड़ गुना मालिक अमित किरार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत रजिस्ट्रेशन कराये बिना खाद्य पदार्थों का विक्रय करते पाये जाने पर प्रकरण न्यायालय में दर्ज किये गये हैं।

कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व



**गुना, देशबन्धु।** ''हर घर तिरंगा अभियान'' के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर तरुण राठी ने अधिकारी व कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं। अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें मशहूर हस्तियों, खिलाडियों के नेतृत्व में निकटतम डाकघर आदि से तिरंगा खरीदने के लिए लोगों के समूह को ले जाना।

राज्य पुलिस बल के जवानों, कॉलेज के छात्रों, युवाओं और अन्य लोगों के साथ तिरंगा बाइक और साइकिल रैलियां निकालना, होर्डिंग, बैनर, कॉलर ट्यून आदि लगाई जाना, कॉलोनियों, बाजारों, अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना, ऐतिहासिक धरोहर, इमारतों एवं स्मारकों पर तिरंगे के रंग में रोशनी लगाई जाना और प्रमुख व्यक्तियों द्वारा ध्वजारोहण कराया जाना और एक झंडा खरीदकर उसे घर पर फहराए जाने के लिए अपील की जाना शामिल है।

इस संबंध में कलेक्टर तरूण राठी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि झण्डा फहराने के लिए सभी शहरी एवं ग्रामीण निकायों, राशन की दुकानों, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, उद्योग एवं कारखानों, व्यवसायिक संस्थान, आंगनबाडी केंद्र, समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालय एवं महाविद्यालयों, घरों में झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करने के लिए अभियान चलाया जाये। इस हेतु सभी झंडा उपलब्ध कराने के उद्देश से जिला पंचायत परिसर में तिरंगा झण्डा विक्रय केंद्र स्थापित किया गया। बताया गया कि 14 को ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत तिरंगा रैली शास्त्री पार्क से प्रारंभ होकर हाट रोड होती हुई लाल परेड ग्राउंड तक जाएगी।

### दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्याकंन शिविर का हुआ आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के दिव्यांग बच्चों लिए चिकित्सकीय मूल्याकंन शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केन्द्र बमौरी कार्यालय में किया गया। शिविर में 235 शालेय दिव्यांग बच्चों का पंजीयन हुआ। जिनका जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य डॉ योगेश द्विवेदी, डॉ. विरेंद्र रघुवंशी, डॉ. एलएन धाकड़, डॉ. सावरन राय, डॉ आरएस भाटी, दीपचंद सैनी द्वारा परीक्षण किया गया। इस दौरान करीब 30 बच्चों के मेडिकल बोर्ड के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। वहीं एलिमको से अधिकृत सदस्यों प्रिया वर्मा, अनुभव सिंह ,महेश, लखन मीना द्वारा 84 बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। जिसमें 47 सहायक उपकरण, 34 टीएलएम किट, 3 लो विज़ान किट हेतु चिन्हित किए। शिविर जिला परियोजना समन्वयक ऋषि कुमार शर्मा एवं साजिद मसूद सहायक परियोजना समन्वयक आईडी एवं एवं कोक सिंह पोरसिया बीआरसीसी द्वारा शिविर का निरीक्षण कर पंजीयन एवं उपकरण हेतु पात्र बच्चों की जानकारी ली गई।

### डाक विभाग में पकड़ा गया एक बिचौलिया

# अधिकारी-कर्मचारियों की बेरुखी से शासकीय विभागों में पनप रहे दलाल



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय विभागों में आम जनता के साथ अधिकारी-कर्मचारियों की बेरुखी और दुर्व्यवहार के चलते लगभग हर विभाग में बिचौलिए एवं दलाल घूम रहे हैं। जो गरीब और जरूरतमंदों का जल्दी काम कराने के नाम पर बहला फुसलाकर पैसे ऐंठ रहे हैं। आधार कार्ड अपडेट जैसे छोटे-मोटे काम से लेकर कुटी दिलाने तक का दलाली का काम इन दिनों शहर में धड़ल्ले से चल रहा है। इनकी ठगी का शिकार आएं दिन लोग हो रहे हैं। शनिवार को मुख्य डाकघर में आधार कार्ड अपडेट कराने के नाम ही एक बदमाश गांव से आएं गरीबों एवं जरूरतमंदों से 100-200 रुपए लेते हुए पकड़ा गया। जिसे डाकघर के अधिकारियों ने पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि यह पूरी परिस्थिति डाक में फैली अव्यवस्थाओं के चलते ही बनी। यहां सुबह से ही आधार अपडेट कराने के लिए लंबी लाईनें लगे रही हैं। लेकिन डाक विभाग के कर्मचारी एक निश्चित संख्या में ही सीमित समय में आधार अपडेट करते हैं। जिसके चलते लोग परेशान होते हैं। इसी टोकन की मारामारी में यहां दलाल भी पनप गए। जो लोगों से 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक लेकर न सिर्फ टोकन उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि अपडेट आदि कराने का जिम्मा भी उठाने का आश्वासन देते हैं।

बहरहाल शनिवार को बरखेड़ागिर्द के निकट रुसिया निवासी एक युवक को लोगों से आधार कार्ड अपडेट कराने और जल्दी कराने के नाम पर वसूली करते हुए डाक विभाग के अधिकारियों ने उसे रंगेहाथों धरदबोचा। जिसके बाद हंगामा बढ़ा तो डाक अधिकारियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस के दो जवान आरोपी को कोतवाली ले आएं। हालांकि देर शाम तक इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बारे में पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर गुना बीएम मिश्रा ने बताया कि उनके यहां दो आधार अपडेशन केंद्र संचालित है। पिछले काफी समय से उन्हें शिकायतें मिल रही थी कि बाहर से आकर कुछ लोग जनता से 100-200 रुपए फॉर्म भरने सहित अन्य काम के पैसे लेते हैं। शनिवार को फूलसिंह अहिरवार नामक का एक युवक को रंगेहाथों पकड़ा। जो ग्राम रूसिया बरखेड़ाहाट का निवासी है। इसने तीन-चार लोगों से पैसे लिए थे, उससे मौके पर हमने संबंधितों के पैसे वापस कराएं।

# भाजपा किसान मोर्चा ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा



**सीहोर, देशबन्धु।** भारत की आजादी के 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर समरसता के भाव के साथ भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी प्रदेश महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा प्रदेश कार्यसमिति देवनारायण पटेल के निर्देश पर सीहोर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ इछावर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरखेड़ी से हुआ ,बरखेड़ी से ट्रैक्टर रैली होते हुए झागरिया पहुंची। इस किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में लगभग क्षेत्र के 3 सौ ट्रैक्टर शामिल हुए। डॉक्टर सुरेंद्र सिंह मेवाडा के नेतृत्व क्षेत्रवासी व किसानों सहित सीहोर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल इंजीनियर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया ,श्रीपाल राठौर, शिव वर्मा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री जगदीश मेवाड़ा, जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल , जनपद पंचायत सदस्य अंतर सिंह परमार एवं क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए।

# हर घर तिरंगा अभियान, मतदाता जागरुकता रैली निकाली



**सीहोर, देशबन्धु।** कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के नेतृव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा तथा मतदाता जागरुकता के लिए रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान अधिकारी तथा छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर और मतदाता जागरुकता तख्ती लेकर रैली में शामिल हुए और जागरुकता का संदेश दिया। पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर यह रैली राधेश्याम मंदिर चौराहा, माता मंदिर चौराहा होते हुए वापस पुलिस परेड मैदान पर आकर समाप्त हुई। रैली में विद्यार्थियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारों का उद्घोष करते हुए तथा मतदान अवश्य करें आदि नारे फलैक्स एवं पोस्टर पर लिखकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया गया।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन, रौपे पौधे



**आष्टा, देशबन्धु।** जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशन में श्रीमती वंदना त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आष्टा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती त्रिपाठी द्वारा पौधारोपण किया गया और कहा गया कि अन्य प्राणियों द्वारा उत्सर्जित कार्बनडाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं इसके परिणाम स्वरूप हमें ऑक्सीजन प्रदान करते है। वृक्षारोपण से ही पर्यावरण को सुंदर और स्वच्छ रखा जा सकता है। पर्यावरण को संरक्षित करना हर नागरिक का कर्तव्य है और उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाना एवं रखना हमारा कर्तव्य है एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देना भी बहुत आवश्यक है।

# प्रतिमाओं के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री व रंगों का करें उपयोग

**शिवपुरी, देशबन्धु।** म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सम्मानीय मूर्ति निर्माताओं, उपयोगकर्ताओं, स्वयं सेवी संगटनों, स्थानीय निकाय एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अपील करता है कि- धार्मिक त्योहारों जैसे गणेश चतुर्थी, दुर्गा-पूजन के दौरान वृहद स्तर पर मूर्तियों का निर्माण एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों में उनका विसर्जन किया जाता है। इस संबंध में अपील है कि मूर्तियों के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री जैसे कि बांस, घास, गोवर, कागज, मिट्टी तथा प्राकृतिक रंग जैसे कि हल्दी, चंदन इत्यादि का उपयोग करें।

पण्डाल की साज-सज्जा के लिए प्राकृतिक सामग्री फूल पत्ती, घास, वांस तथा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी) तथा खतरनाक रंगों से निर्मित मूर्तियों को जल

स्त्रोतों में विसर्जन के दौरान उनसे जहरीले रसायन व भारी तत्व जैसे कि लेड, एल्युमिनियम, कॉपर, आदि निकलते है जो पानी को विषाक्त बनाते है, जिससे जलीय-जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मनुष्यों के द्वारा इस प्रकार के पानी से निकाल कर उपयोग की गई मछलियों के खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारियाँ पैदा होती है। मुर्तियों का विसर्जन प्राकृतिक जल स्त्रोतों के स्थान पर स्थानीय निकाय द्वारा पृथक से बनाये गये कुंड आदि में करे ताकि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सके।

# विवाद निराकरण का बेहतर विकल्प परस्पर सहमति से समाधान है : प्रधान जिला न्यायाधीश

**सीहोर, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ए.डी.आर सेंटर भवन के सभागृह में मध्यस्थता जागरुकता कार्यक्रम सह पैरालीगल वालेन्टियर्स व पैनल लॉयर्स की राष्ट्रीय लोक अदालत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अमिताभ मिश्र ने कहा कि विवाद के निराकरण के कई प्रकार हो सकते हैं, किन्तु सबसे बेहतर विकल्प विवाद का आपसी सुलह समझाईश के माध्यम से समाधान है जो लोक अदालत मीडिएशन आदि माध्यमों से संभव है। उनके द्वारा सभी उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेन्टियर्स से आव्हान किया गया कि आगामी 9 सितम्बर की नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रखा जाये एवं निराकरण का प्रयास किया जाये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार दांगी द्वारा कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम एवं भारतीय झण्डा सहिता 2002 तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय ध्वज से सम्बंधित प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान विशेष न्यायाधीश सुरेश सिंह, प्रधान न्यायाचीश कुटुम्ब न्यायालय सुश्री सुमन श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ रविन्द्र भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# *निकली तिरंगा यात्रा, वंदेमातरम् के नारों से गूंजी फिजा*



***आष्टा, देशबन्धु।*** *हाथों में तिरंगा और लबों पर देशभक्ति के तराने, कदम-कदम पर भारत माता की जय... वंदेमातरम... इंकलाब जिंदाबाद....के गगन भेदी जयकारे शनिवार सुबह आष्टा नगर की सड़कों पर गूंजने। यह दृश्य था सीएम राइज विद्यालय से निकली तिरंगा यात्रा के अवसर का। हाथों में तिरंगा और जुबां पर मां तुझे प्रणाम। वंदेमातरम् और भारतमाता का जयघोष। जोश, जज्बा और जुनून के साथ इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ सुबह 8 बजे हजारों की संख्या में विद्यार्थियों के साथ सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का सैलाब तिरंगा यात्रा में उमड़ पड़ा। स्वतंत्रता के गौरवशाली 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश के वीर बलिदानियों को समर्पित तिरंगा यात्रा में एसडीएम आंनद सिंह राजावत, तहसीलदार नीलम परसोदिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सोनू गुणवान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नगरनिरीक्षक पुष्पेंद्रराठौर, बीईओ आजाब सिंह राजपूत, पटवारी राकेश मालवीय, मनीष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूदथे। तिरंगायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस विद्यालय परिसर पहुंची। यहां एसडीएम आनंद राजावत ने सभी का आभार माना ।*

# महिला थाना पुलिस ने स्पा सेंटर में मारा छापा

## मालिक और नौकर के अलावा 5 युवतियां गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार कराने की सूचना के बाद शुक्रवार देर रात शाहपुरा स्थित त्रिलंगा में ओशियन नाम के स्पा सेंटर ने में छापा मारा। जहां से नागालैंड रहने वाली एक महिला प्रबंधक सहित पांच युवतियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मौके से स्पॉ सेंटर के मालिक और एक नौकर को भी पकड़ा गया। इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और शनिवार को उन्हें थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया गया।

महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि एक एनजीओ की ओर से शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि ओशियन स्पा सेंटर त्रिलंगा में देह व्यापार कराया जा रहा है। इस सूचना के बाद में महिला थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जहां से कोई ग्राहक तो नहीं मिला। लेकिन तलाशी में नागालेंड की रहने वाली स्पॉ की प्रबंधक सहित पांच युवती मिली। सभी को हिरासत में लिया गया। वहीं मौके से स्पॉ सेंटर के मालिक गौरव राठौर और एक नौकर प्रिंस ठाकुर को भी पकड़ा गया । इस दौरान तलाशी में स्पा से कई आपत्तिजनक सामग्री मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार युवतियों ने स्पा में चलने वाली अनैतिक गतिविधियों की जानकारी दी, जो गौरव राठौर और प्रिंस ठाकुर कराता था। इस पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और शनिवार को उन्हें थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया गया।

सूत्रों की माने तो आरोपी प्रिंस ठाकुर स्पा में ग्राहकों को लाने का काम करता था। शहर के कई रसूखदार उसके संपर्क में थे। देर रात तक स्पा के बाहर बेशकीमती कारों का जमावड़ा रहता था। इससे स्थानीय रहवासी भी परेशान हो चुके थे।

## अग्निवीर भर्ती रैली 20 अगस्त से

**भोपाल, देशबन्धु।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा 20 से 26 अगस्त तक लाल परेड मैदान में प्रदेश के 9 जिलों भोपाल, बैतूल, छिंदवाडा, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन भर्ती रैली का आयोजन होगा। सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा 20 से 25 अगस्त तक और अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन की रैली का आयोजन 26 अगस्त को होगा।

# आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू

## पहले दिन 45 पशुओं को कांजी हाउस भेजा
## अब मालिकों पर कार्रवाई भी होगी



**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश पर राजधानी भोपाल में सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं को पकड़ने का अभियान शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन नगर निगम ने कुल 45 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा। वहीं अब इन पशुओं के मालिकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के अमले ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई कर 45 पशुओं को पकड़ा। अमले ने इन पशुओं को 80 फीट रोड, पुष्पा नगर, प्रभात चैराहा, पिपलानी चौराहा, आनंद नगर, पटेल नगर आदि क्षेत्रों से पकड़ा और कांजी हाउस पहुंचाया। अब इन पशुओं के मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अब कोलार, शाहपुरा, तुलसीनगर, हमीदिया रोड, छोला, करोंद, शिवनगर, रायसेन रोड, होशंगाबाद रोड समेत कई इलाकों में कार्रवाई की जरूरत है, क्योंकि यहां पर सड़कों पर ही पशुओं के झुंड बैठे रहते हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने एक दिन पहले शुक्रवार को आदेश जारी किए थे, जिसमें सड़कों पर पशु आवारा घूमते मिलने पर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गोशालाओं द्वारा अतिरिक्त पशुओं को रखे जाने की सहमति दी गई है। इनमें मनीखेड़ी (गुनगा) में 50, सर्मधा में 100, बीलखो में 25, अमोनी में 50, प्रेमपुरा में 50 और मुंगालिया छाप में 50 पशुओं की संख्या तय की गई है।


## रामकृष्ण कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजूकेशन, खंजनपुर, बैतूल (मप्र)

(एनसीटीई, नई दिल्ली से मान्यता एवं राजाशंकर शाह विवि छिंदवाड़ा तथा बरकतउल्लाह विवि भोपाल के सम्बद्धता प्राप्त)

**बी.एड. एवं बीएससी.बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु**

यूजीसी परिनियम – 28 के तहत निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र | पदनाम – सहायक प्राध्यापक | पद संख्या | योग्यता – प्रत्येक विषय में 55 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ |
|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षा के परिप्रेक्ष्य | 3 | किसी भी विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा में पीएच.डी. उपाधि |
| 2 | शिक्षण शास्त्र (भाषा – हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत) | 1 | भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत) विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी/संस्कृत) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 3 | शिक्षण शास्त्र (विज्ञान – भौतिकी/रसायन/जीवशास्त्र/जैव तकनीकी) | 1 | विज्ञान (भौतिकी/रसायन/जीवशास्त्र/जैव तकनीकी) एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी/रसायन/जीवशास्त्र/जैव तकनीकी) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 4 | शिक्षण शास्त्र (सामाजिक विज्ञान – भूगोल/अर्थशास्त्र/राजनीतिशास्त्र/इतिहास ) | 1 | सामाजिक विज्ञान (भूगोल/अर्थशास्त्र/राजनीतिशास्त्र/इतिहास) एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी/रसायन/जीवशास्त्र/जैव तकनीकी) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 5 | शिक्षण शास्त्र (गणित) | 2 | गणित विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी/रसायन/जीवशास्त्र/जैव तकनीकी) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 6 | दृष्य कला (चित्रकला) | 1 | चित्रकला में स्नातकोत्तर उपाधि |
| 7 | निष्पादन कला (गायन/वादन/नृत्य कला) | 1 | गायन/वादन अथवा नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि |

❖ किसी भी पद हेतु अभ्यर्थी का शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव तथा सम्बन्धित विषय अथवा शिक्षा में नेट अथवा सेट/स्लेट वांछनीय है।
❖ इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रकाशित तिथि के दस दिवस के भीतर महाविद्यालय के पते पर अथवा मेल आईडी srjournal14@gmail.com पर प्रेषित करें।
❖ पता : सचिव/निदेशक/प्राचार्य, रामकृष्ण कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजूकेशन, दुर्गा वार्ड, (अर्जुन नगर के पास) खंजनपुर, बैतूल मध्य प्रदेश 460001
❖ जानकारी के लिये सम्पर्क करे : मोबाईल नम्बर 9425003450 नीरज पांसे (सचिव), 8839534899 पुलकित मालवीय (निदेशक) 9009627756

डॉ. शरद सुन्दरम् ( प्राचार्य )


# वेतन वृद्धि के लिए भेल श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** भेल के श्रमिकों ने वेतन कटौती वापस लेने और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शनिवार को भेल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट श्रमिक एकता यूनियन के बैनरतले फाउंड्री गेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग का निराकरण नहीं होने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की चेतावनी भी दी।

यूनियन के अध्यक्ष प्रशांत पाठक और कार्यवाहक अध्यक्ष मेहर अली ने बताया, पिछले दो साल से पूर्व में कई गई वेतन कटौती को वापस लेने और वेतन वृद्धि के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए यह प्रदर्शन किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने पिछले 9 वर्ष में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नहीं किया है। इसलिए इसे तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया भी केंद्र सरकार का उपक्रम है और भेल भी, लेकिन अफसोस कोल इंडिया के श्रमिकों को भेल के श्रमिकों से तीन गुना ज्यादा वेतन वहां दिया जा रहा है। ऐसे में हमारी मांग है कि जल्द राज्य सरकार पुनरीक्षण और एक उच्च कमेटी गठित कर भेल के श्रमिकों का वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह लागू करें। इस पर जल्द फैसला नहीं होने पर श्रमिकों को मुख्यमंत्री निवास जाने पर मजबूर होना पड़ेगा। प्रदर्शन में सीटू के मध्यप्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान, पूषण भट्टाचार्य, पीएन वर्मा, लोकेंद्र शेखावत, यूनियन के पदाधिकारी अजय सोनकर, कमलेश गुप्ता,आरिफ खान, रमेश चौहान, फिरोज खान, अवधेश कुशवाह, इंद्राल पटेल, मलखान मालवीय आदि मौजूद थे।

## बिजलीकर्मियों का आंदोलन आज

भोपाल, देशबन्धु। पुरानी पेंशन लागू करने, निजीकरण पर रोक लगाने समेत कुल 13 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशभर से बिजलीकर्मी 13 अगस्त रविवार को राजधानी भोपाल में जुटेंगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर यह आंदोलन होगा। समिति के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी कई साल से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन यह मांगें अधूरी ही है। इसलिए 13 अगस्त को यह बड़ा आंदोलन किया जा रहा है।

# साहसी होना सबसे बड़ा गुण है: श्रीवास्तव



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव संभ्रांत एवं विचारशील नागरिकों की समाज में भूमिका विषय पर अपने अत्यंत प्रभावी विचार रखे।

श्री श्रीवास्तव कहा कि विश्व में केवल भारत ही ऐसा देश है जहां पर सभी को अपने विचारों को रखने की पूर्ण स्वतंत्रता है। अनेक देशों में विशेष रुप से चीन और रूस में बुद्धिजीवियों का कत्लेआम कर दिया गया, देश निकाला दे दिया, जेलों में बंद कर दिये गये, ऐसे निरंकुश क्रुरतम शासक रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक देश हैं जिसमें इस प्रकार की घटनाएं होती रहीं। केवल भारत ही ऐसा देश है, जहां पर बुद्धिजीवियों को, विचारकों को यहां तक कि सामान्य व्यक्ति को भी अपने विचार रखने की पूरी स्वतंत्रता है , परंतु जो संभ्रांत हैं, विचारशील हैं, जो अपने देश का भला सोचने वाले लोग हैं, उनमें सबसे बड़ा गुण साहस का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके पास संपत्ति है, ज्ञान है, सुविधाएं हैं परंतु यदि आपके पास साहस नहीं है तो आप इनकी रक्षा नहीं कर पाएंगे। इसलिए विचारशील नागरिकों की जिम्मेदारी है कि अपनी नई पीढ़ी को साहस के गुण को दें। स्कूल के बच्चों में यह साहस का गुण विकसित किया जाना चाहिए। इसके पूर्व विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लोकेंद्र सिंह ने सनातन संस्कृति और राष्ट्रधर्म पर विस्तृत विचार रखे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति निरंतर है। इसमें प्रारंभ से आज तक और अनंत तक आवश्यकता अनुसार बदलाव होते रहते हैं और इसीलिए यह अक्षुण्ण है और यह समाप्त होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक सभ्यताएं आईं और चली गईं, परंतु सनातन संस्कृति की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वह कभी उखड़ नहीं सकतीं। अपने अध्यक्षीय भाषण में भारत विकास परिषद के प्रांत संरक्षक दीपक गोयल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश को अपसंस्कृति से बचना होगा जो विशेष रूप से मोबाइल आदि से हमारे घरों में प्रवेश कर गई है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कमल प्रेमचन्दानी, दिनेश वाधवानी, ए सी साधवानी, सुरेंद्र मोतियानी, गुलाब जेठानी, महेश दयारामानी , राजेश बेलानी, धर्म प्रकाश मोटवानी, कीर्ति तोलानी किशन उदासी, श्याम उदासी, डा.सुरेश मोटवानी, सुंदर किशनानी, बी डी भारवानी, तुलसी तोलानी, नीरज वाधवानी, रवि केसवानी, आदि प्रमुख थे एवं अन्य अतिथियों में विशेष रूप से कर्नल नारायण पारवानी, राम बंसल, सुरेश जसवानी, सुरेश राजपाल, भोजराज आसूदानी, कन्हैया टिलवानी ने शपथ आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य विमल भंडारी द्वारा किया गया।

## न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर(बैरागढ़ )-वृत्त, भोपाल

(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)

प्रकरण क्रमांक 0914/अ-6/23-24 भोपाल, दिनांक 10/08/2023

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमा शर्मा/धर्मराज शर्मा निवासी- शहर भोपाल ने नामांतरण करने विषयक आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम- लाऊखेडी तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 94/2/3/2, 120, 121, 126, 100/101/2/2,115/1/2, 118/2, 119, 122/1, 116/11/19,116/1 !/1/1/6 रकबा 122 वर्गफिट भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में अध्यक्ष न्यू गृह वल्लभ सहकारी समिति के नाम भूमिस्वामी स्वत्व पर दर्ज है ।

उपरोक्त प्रष्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है । तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 10/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ )वृत्त-1 भोपाल**

## वंदे मातृभूमि रैली 15 अगस्त को

संत हिरदाराम नगर मातृभूमि संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली वंदे मातृभूमि रैली की तैयारियों को लेकर आज एक बैठक आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि बैठक में सभी युवा साथियों ने सैकड़ों की संख्या वाहन लेकर आने का संकल्प लिया। बैठक में सोनू मेंघानी, हेमंत अग्रवाल, नरेंद्र विषट,राहुल अबोले, राजू थावानी, वृंदावन गर्ग, किशोर पहलाजानी, पियूष गिरी, राजेश लालवानी, रवि सत्तानी, सूरेश राठौर, लोकेश बैरागी, जितेंद्र राठौर, संतोष गोस्वामी, राजेंद्र श्रीवास्तव, ओंकार माँझी, बंटी मीणा आदि मौजूद थे।

# कार्यालय कलेक्टर (शहरी विकास) जिला नर्मदापुरम्

क्रमांक/311 / श.वि./2023 दिनांक 10.08.2023

## सार्वजनिक सूचना

**म.प्र. नगरपालिका ( कालोनी विकास ) नियम 2021 के उपनियम 23 ( 6 ) एवं 23 ( 7 ) के अंतर्गत**

नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा नगरीय क्षेत्र की प्रथम चरण में चिन्हित 44 अनाधिकृत कॉलोनियों के अभिन्यास को अंतिम रूप दिया जाकर नागरिक अधोसंरचना एवं भवन अनुज्ञा प्रदान करने हेतु नियमों के अधीन इन अनधिकृत कॉलोनियो में विकास शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है:-

| क्रं. | वार्ड क्रं. | अनाधिकृत कालोनी का नाम | खसरा क्रमांक | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्गमीटर( भूखण्ड के क्षेत्रफल का ) | निर्धारित विकास शुल्क प्रति वर्गफीट ( भूखण्ड के क्षेत्रफल का ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | ऋषि पिता गुलाब यादव | 116/1/1 | 246 | 23 |
| 2 | 7 | राम मोहन पिता प्रेमनारायण राजपूत एवं अन्य | 115/43/1, 115/12 | 1334 | 124 |
| 3 | 7 | मनीष कुमार पिता जगदीश प्रसाद एवं अन्य | 118/1/1 | 149 | 14 |
| 4 | 2 | नवल किशोर पिता मुकुंद राम चौकसे | 138/2/1 | 364 | 34 |
| 5 | 15 | बलराम पिता राधेलाल कुर्मी | 62/3, 62/7 | 297 | 28 |
| 6 | 4 | शेख नबाव / शेख जुग्गू | 17/1/1/1/1 एवं 19/1/1/1 | 121 | 11 |
| 7 | 7 | महेश कुमार पिता भागीरथ तेली झकलाय नाका | 102/3/1/1/1 | 398 | 37 |
| 8 | 10 | श्रद्धा पत्नी अनुराग कुर्मी | 263/38 | 196 | 18 |
| 9 | 15 | ओम प्रकाश पिता हरिप्रसाद जाट एवं अन्य | 20/10/1/1 | 146 | 14 |
| 10 | 15 | विजय सिंह पिता बलराम जाट | 20/09 | 237 | 22 |
| 11 | 7 | प्रकाश पिता भागीरथ तेली | 102/4/1/1 | 370 | 34 |
| 12 | 1 | रघुवीर सिंह पिता संतसिंह सालूजा | 32/1/1/1 | 482 | 45 |
| 13 | 2 | अशोक, मदनलाल पिता श्याम लाल वगैरह | 74/11 | 236 | 22 |
| 14 | 3 | महेंद्र सिंह पिता मस्तान सिंह | 75/3/1/1 | 190 | 18 |
| 15 | 3 | मणि बहन पत्नी अर्जुन | 81/1/1/1 | 353 | 33 |
| 16 | 7 | सोनाबाई बेवा चुन्नीलाल प्रकाशचंद एवं अन्य | 103/2 | 205 | 19 |
| 17 | 9 | सरोज पति लीलाधर | 251/3/1 | 132 | 12 |
| 18 | 9 | विमला बाई पत्नी अंबिका प्रसाद | 258/1/1/1 | 113 | 11 |
| 19 | 9 | प्रदीप कुमार पिता जीवनराम अग्रवाल | 118/2/1 | 121 | 11 |
| 20 | 9/10 | सईद उद्दीन/सॅफर उद्दीन | 248/3/1/1 | 364 | 34 |
| 21 | 9 | कैलाश पिता रामेश्वरप्रसाद अग्रवाल एवं अन्य | 248/4, 248/5 एवं 249/ 123 | 145 | 13 |
| 22 | 14 | बद्रीप्रसाद, महेशप्रसाद पिता बालमुकुंद तिवारी | 91/1 | 258 | 24 |
| 23 | 8 | अंबेडकर कालोनी बलराम पिता राधेलाल कुर्मी | 62/3, 62/7 | 111 | 10 |
| 24 | 1 | दीदारसिंह पिता संतसिंह सालूजा | 139/1/2 | 338 | 31 |
| 25 | 9 | नारायण कालोनी पुष्पाबाई पन्नालाल एवं अन्य | 234/1 | 309 | 29 |
| 26 | 2 | पाठक कालोनी दीदारसिंह पिता संतसिंह सालूजा वगैरह | 33/34/35/36 | 419 | 39 |
| 27 | 2 | प्रभाजीत पत्नी जोगेन्द्र पाल कौर | 33/34/35 में से | 360 | 33 |
| 28. | 2 | राजेन्द्र कौर/दिलीपसिंह, | 33/34/35 में से | 554 | 51 |
| 29 | 2 | सुजीत कौर पत्नी महेन्द्रसिंह सिख | 36/4 | 123 | 11 |
| 30 | 2 | दविन्द्र कौर पत्नी त्रिलोकसिंह सालूजा | 36/5 | 503 | 47 |
| 31 | 2 | विक्की पिता त्रिलोकसिंह सालूजा | 36/5 | 345 | 32 |
| 32 | 2 | नवतेज पिता हरमंदरसिंह सालूजा | 36/5, 33/3, 34/2, 35 में से | 284 | 26 |
| 33. | 3 | ऋषभ कुमार पिता मांगीलाल जैन | 183/1/1 | 280 | 26 |
| 34 | 3 | पदम कुमार, दिनेश कुमार पिता शांतिलाल जैन | 183/2/1, 183/2/2, 191/1/2 | 294 | 27 |
| 35 | 3 | ज्ञानचंद पिता मांगीलाल जैन | 183/5/1 | 853 | 79 |
| 36 | 3 | सुनील कुमार पिता मांगीलाल जैन | 183/6/1, 191/2/1 | 1134 | 105 |
| 37 | 3 | दुर्गा कालोनी प्रवीण कुमार पिता टिकामचंद जैन | 75/33, | 120 | 11 |
| 38 | 3 | प्रवीण कुमार अशोक कुमार जैन | 75/35 | 125 | 12 |
| 39 | 3 | रवीन्द्र कौर / रघुवीरसिंह बरहानपुरा | 4/3 | 128 | 12 |
| 40 | 3 | दशरथसिंह पिता नाथूसिंह भाटी | 43/56 | 158 | 15 |
| 41 | 3 | करणसिंह पिता नाथू भाटी | 43/2 | 278 | 26 |
| 42 | 3 | नर्मदाप्रसाद मुन्नालाल कुशवाहा पुत्र सुरेश कुशवाहा | 137, 138 में से | 849 | 79 |
| 43 | 3 | दीपक कुमार पति जीवनराम अग्रवाल | 258/24/1 | 150 | 14 |
| 44. | 3 | सुमंदा, अन्नपूर्णा चैनसिंह संगीता | 64/1/1/1, | 201 | 19 |

उपरोक्त विकास शुल्क इस सार्वजनिक सूचना के दिनांक से 03 माह की अवधि में जमा कराया जाना अनिवार्य है। विकास शुल्क जमा होने उपरांत ही भवन अनुज्ञा प्रदाय करने की कार्यवाही की जावेगी। अन्यथा की स्थिति में भवन /भूखण्ड स्वामी स्वयं उत्तरदायी रहेंगे।

( नीरज कुमार सिंह )
कलेक्टर
जिला नर्मदापुरम्

# साहित्य

कहानी

# पुल पर बैठा बूढ़ा

अमेरिकी कहानी

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे

स्टील के फ़्रेम वाला चश्मा पहने एक बूढ़ा आदमी सड़क के किनारे बैठा था। उसके कपड़े धूल-धूसरित थे। नदी पर पीपों का पुल बना हुआ था और घोड़ा-गाड़ियाँ, ट्रक, मर्द, औरतें और बच्चे उस पुल को पार कर रहे थे। घोड़ा-गाड़ियाँ नदी की खड़ी चढ़ाई वाले किनारे से लड़खड़ाकर पुल पर चढ़ रही थीं। सैनिक पीछे से इन गाड़ियों को धक्का दे रहे थे। ट्रक अपनी भारी घुरघुराहट के साथ यह कठिन चढ़ाई तय कर रहे थे और किसान टखने तक की धूल में पैदल चलते चले जा रहे थे। लेकिन वह बूढ़ा आदमी बिना हिले-डुले वहीं बैठा हुआ था। वह बेहद थक गया था इसलिए आगे कहीं नहीं जा सकता था।

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था।

'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा ।

'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

वह उसका अपना शहर था । उसका ज़िक्र करने से उसे खुशी होती थी, इसलिए वह मुस्कराया ।

'मैं अपने जानवरों की देखभाल कर रहा था' उसने बताया ।

'ओह' मैंने कहा, हालाँकि मैं पूरी बात नहीं समझ पाया ।

'हाँ, मैं जानवरों की देख-भाल करने के लिए वहाँ रुका रहा । सैन कार्लोस शहर को छोड़कर जाने वाला मैं आख़िरी आदमी था।'

वह किसी गड़ेरिए या चरवाहे जैसा नहीं दिखता था। मैंने उसके मटमैले कपड़े और धूल से सने चेहरे और उसके स्टील के फ़्रेम वाले चश्मे की ओर देखते हुए पूछा -- 'वे कौन से जानवर थे ?'

'कई तरह के' उसने अपना सिर हिलाते हुए कहा, 'मुझे उन्हें छोड़कर आना पड़ा ।'

मैं पुल पर हो रही आवाजाही और आगे एब्रो के पास नदी के मुहाने वाली ज़मीन और अफ़्रीकी-से लगते दृश्य को ध्यान से देख रहा था। मन-ही-मन मैं यह आकलन कर रहा था कि कितनी देर बाद मुझे शोर का वह रहस्यमय संकेत मिलेगा, जब दोनों सेनाओं की आमने-सामने भिड़न्त होगी। किन्तु वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा हुआ था ।

'वे कौन-से जानवर थे ?' मैंने दोबारा पूछा ।

'कुल तीन जानवर थे, 'उसने बताया' दो बकरियाँ थीं और एक बिल्ली थी और इनके अलावा कबूतरों के चार जोड़े थे ।'

'और आपको उन्हें छोड़कर आना पड़ा ?' मैंने पूछा ।

'हाँ, तोप की गोलाबारी के डर से । फ़ौज के कप्तान ने मुझे तोप की मार से बचने के लिए वहाँ से चले जाने को कहा था ।'

'क्या आपका परिवार नहीं है?' मैंने पूछा । मैं पुल के दूसरे छोर पर आख़िरी घोड़ा-गाड़ियों को किनारे की ढलान से तेज़ी से नीचे उतरते हुए देख रहा था।

'नहीं' उसने कहा, 'मेरे पास सिर्फ़ जानवर थे। उनमें से बिल्ली तो, ख़ैर, अपना ख़याल ख़ुद रख लेगी, लेकिन मेरे बाक़ी जानवरों का क्या होगा, मैं नहीं जानता ।'

'आप किस पार्टी के समर्थक हैं ?' मैंने पूछा ।

'सियासत में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है' -- वह बोला -- 'मैं छिहत्तर साल का हूँ। मैं बारह किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ आया हूँ, और अब मुझे लगता है कि मैं और आगे नहीं जा सकता ।'

' लेकिन यह जगह रुकने के लिए अच्छी जगह नहीं है' मैंने कहा।' अगर आप चल सकें तो आगे सड़क पर आपको वहाँ ट्रक मिल जाएँगे, जहाँ से टौर्टोसा के लिए एक और सड़क निकलती है ।'

'मैं यहाँ कुछ देर रुकूँगा' उसने कहा ।'और फिर मैं यहाँ से चला जाऊँगा। ट्रक किस ओर जाते हैं ?'

'बार्सीलोना की ओर' मैंने उसे बताया ।

'उस ओर तो मैं किसी को नहीं जानता।' उसने कहा, 'लेकिन आपका शुक्रिया। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।卐

उसने खोई और थकी हुई आँखों से मुझे देखा और फिर के बारे में फ़िक्र करने की ज़रूरत नहीं। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बाक़ियों के बारे में आप क्या सोचते हैं ?'

'मुझे तो लगता है कि शायद आपके बाक़ी जानवर और पंछी भी इस मुसीबत से सही-सलामत निकल जाएँगे ।'

'क्या आपको ऐसा लगता है ?'

'क्यों नहीं,' दूर झलक रही नदी के किनारे को देखते हुए मैंने कहा । वहाँ अब कोई घोड़ा-गाड़ी नहीं थी।

'लेकिन वे तोप के गोलों की मार से कैसे बचेंगे ? जब मुझे ही तोप की गोलाबारी की वजह से वहाँ से चले जाने के लिए कहा गया था?' दिया था ?' मैंने पूछा ।

'जी हाँ ।'

'तब तो वे उड़ जाएँगे।'

'जी हाँ, वे ज़रूर उड़ जाएँगे। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बेहतर होगा कि मैं बाक़ियों के बारे में सोचूँ ही नहीं।' उसने कहा।

'अगर आपने आराम कर लिया हो, तो मैं चलूँ' मैंने कहा। 'अब आप उठकर चलने की कोशिश कीजिए।'

'शुक्रिया' उसने कहा और वह उठ कर खड़ा हो गया, लेकिन उसके थके हुए पैर उसे नहीं सँभाल पाए, और काँपते हुए वह वापस नीचे बैठ गया ।

'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था卐 रहा था। 'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था।'

अब उसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता था। वह ईस्टर के रविवार का दिन था और फ़ासिस्ट फ़ौजें एब्रो की ओर बढ़ रही थीं। वह बादलों से घिरा सलेटी दिन था। बादल बहुत नीचे तक छाए हुए थे जिनकी वजह से दुश्मन के लड़ाकू जहाज़ उड़ान नहीं भर रहे थे। यह बात और यह तथ्य कि बिल्लियाँ अपनी देख-भाल खुद कर सकती थीं। - उस बूढ़े के पास अच्छी क़िस्मत के नाम पर केवल यही चीज़ें मौजूद थीं।

**( अनुवाद - सुशांत-सुप्रिय )**



पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था। 'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा । 'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

व्यंग्य

# नेताजी की केंचुली

■ रेखा शाह आरबी



भगवान.. जाने नेताओं को वह किस मिट्टी से तैयार करता है ! कि वह इतने अजब गजब तैयार होते हैं। कभी शेर जैसे दहाड़ कर दमदार होते हैं, तो कभी गधे के जैसे ढेचू- ढेचू करते रहते और लाचार होते हैं । जाने किस-किस प्राणियों से इनके गुण -दोष, ग्रह नक्षत्र मिलते रहते हैं । यह खुद भी नहीं जानते हैं वह तो मौके बेमौके उजागर होता है । तब इन्हें अपनी खुद की शक्ति का पता लगता है और जनता को ज्ञात होता है। कभी गिरगिट से तो ,कभी लोमड़ी से ,तो कभी सांप से और भी खतरनाक प्राणियों से उनके हावभाव बात व्यवहार मिलते जुलते रहते हैं। लेकिन हम यहां पर सांप की बात करेंगे सांप और नेताओं में यूं तो बहुत सी बाते एक समान एक जैसी है । लेकिन कुछ निम्न बातें गौर करने योग्य है :

❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।

❍ सबसे कॉमन बात है दोनों का ही केंचुली उतारना.. सांप जब तब अपनी पुरानी केचुली उतारकर हर बार अपने को नया कर लेता है । और वह ऐसा थोड़ा बढ़ने पर ही करता है । नेता भी हर चुनाव में एक नई केचुली पहन लेते हैं। जनता को दिखाने के लिए.. अपने को पाक साफ बताने के लिए, सब को विश्वास दिलाने के लिए । नेता भी अपनी केंचुली बहुत धीरे-धीरे उतारते हैं जैसे सांप धीरे-धीरे आराम से अपनी केंचुली उतारते है ।अच्छा है सांप कोई चुनाव नहीं लड़ता है।

❍ सांप और नेता दोनों ही बहरे होते हैं इन्हें सामान्य तौर पर कोई भी आवाज सुनाई नहीं देती है। सांप हवा में पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों को अपने त्वचा से महसूस करके प्रतिक्रिया करता है और नेता हवा में उठने वाली अपने खिलाफ तरंगों को अपनी अद्भुत क्षमता के द्वारा पहचान कर प्रतिक्रिया देते हैं । और उसका निस्तारण करते हैं। उसके अलावा अन्य समय पर शांत और चुपचाप शांति बनाए रखते हैं। चाहे आप उनके सामने ढोल बजाइए या नगाड़ा बजाइए कोई अंतर नहीं पड़ेगा।

❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।

जनता को पता तो तब लगता है जब खेल खत्म पैसा सारा कुछ हजम हो चुका रहता है। जनता के पास हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं रहता।

दोनों में और भी बहुत सारी बातें कॉमन है दोनों की रीढ़ बहुत ही लचकदार होती है । जिससे इन दोनों का ही जीना आसान हो जाता है। कभी-कभी तो नेता अपनी रीढ ही निकाल कर फेंक देते हैं। ताकि मुड़ने तुड़ने में उन्हें कभी कोई असुविधा ना हो। बाकी आप सब भी बहुत समझदार हैं कुछ कयास आप भी लगा लीजिए..।

**बलिया ( यूपी )**

**❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।**
**❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।**

## ग़ज़ल

### दाग देहलवी

उज़्र आने में भी है और
बुलाते भी नहीं
बाइस-ए-तर्क-ए-
मुलाक़ात बताते भी नहीं
मुंतज़िर हैं दम-ए-
रुख़्सत कि ये मर जाए तो
जाएँ
फिर ये एहसान कि हम
छोड़ के जाते भी नहीं
सर उठाओ तो सही
आँख मिलाओ तो सही
नश्शा-ए-मय भी नहीं
नींद के माते भी नहीं
क्या कहा फिर तो कहो
हम नहीं सुनते तेरी
नहीं सुनते तो हम ऐसों
को सुनाते भी नहीं
ख़ूब पर्दा है कि चिलमन
से लगे बैठे हैं
साफ़ छुपते भी नहीं
सामने आते भी नहीं
मुझ से लाग़र तिरी
आँखों में खटकते तो रहे
तुझ से नाज़ुक मिरी
नज़रों में समाते भी नहीं
देखते ही मुझे महफ़िल
में ये इरशाद हुआ
कौन बैठा है उसे लोग
उठाते भी नहीं
हो चुका क़त्अ
तअ%ल्लुक़ तो जफ़ाएँ क्यूँ
हों
जिन को मतलब नहीं
रहता वो सताते भी नहीं
ज़ीस्त से तंग हो ऐ
%दाग़% तो जीते क्यूँ हो
जान प्यारी भी नहीं जान
से जाते भी नहीं

पुस्तक समीक्षा

# वैचारिक मंथन से निकली कविताएं

■ विवेकरंजन श्रीवास्तव

**कविता संग्रह : कोरोना काल में आचार डालता कवि**
**कवि : रामस्वरूप दीक्षित**
**प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ , नई दिल्ली**
**मूल्य : 250/-**

हिन्दी व्यंग्य और कविता में रामस्वरूप दीक्षित जाना पहचाना नाम है । वे टीकमगढ़ जेसे छोटे स्थान से साहित्य जगत में बड़ी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं । हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सक्रिय रहे हैं तथा इन दिनो सोशल मीडीया के माध्यम से देश विदेश के रचनाकारों को परस्पर चर्चा का सक्रिय मंच संचालित कर रहे हैं । भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है । रामस्वरूप दीक्षित जी जैसे सक्षम शब्द सारथी कागजों पर अपने मन की पीड़ा उड़ेल लेते हैं . वे लिखते हैं 'यूं तो कविता कुछ नहीं कर सकती , उसे करना भी नहीं चाहिये , कवि के अंतर्मन के भावों का उच्छवास ही तो है वह....किन्तु वे अगली पंक्तियों में स्वयं ही कविता की उपादेयता भी वर्णित करते हैं ... कविता कह देती है राजा से बिना डरे कि तुम्हारी आँखो में उतर आया है मोतिया बिंद' इस संग्रह की प्रत्येक कविता में साहस के यही भाव पाठक के रूप में मुझे अंतस तक प्रभावित करते हैं । वे अपनी कविताओ में संभव शाब्दिक समाधान भी बताते हैं किन्तु दुखद है कि जमीनी यथार्थ दुष्कर बना हुआ है . लोगों के मनों में शाश्वत मूल्यों की स्थापना के लिये इस संग्रह जैसा चेतन लेखन आवश्यक हो चला है ।

युद्ध की जरूरत में वे लिखते हैं कि जंगल बिना आपस में लड़े बिना बचाये रखते हैं अपना हरापन , ... मनुष्य ही है जिसे खुद को बचाने के लिये युद्ध की जरूरत है । हत्यारे शीर्षक से लम्बी कविताओ के तीन खण्ड हैं . तारीफ की बात यह है कि भाव के साथ साथ कोरोना काल में अचार डालता कवि की सभी कविताओ में नई कविता के विधान की साधना स्पष्ट परिलक्षित होती है । मट्ठरता की हदों तक परिवेश से आंखें चुराने वाले समाज के इस असहनीय आचरण को इंगित करते हुये वे लिखते हैं कि ' जब खोटों को पुरस्कृत और खरों को बहिष्कृत किया जा रहा था तब आप क्या कर रहे थे ? के उत्तर में हम कहेंगें कि हम सयाने हो चुके थे और हमने चुप रहना सीख लिया था' . राम स्वरुप जी की कवितायें जनवादी चिंतन से भरपूर हैं । कुछ शीर्षक देखिये गूंगा , बाज , भेड़िये , मुनादी , मजदूर , ताले , इतवार , खतरनाक कवि , तानाशाह , आदि सभी में मूल भाव सदाशयता और मानवीय मूल्यों के लिये आम आदमी की आवाज बनने का यत्न ही है । पिता , पिता का कमरा , माँ के न रहने पर वे रचनायें हैं जो रिश्तों की संवेदना संजोती हैं । संग्रह की शीर्षक रचना कोरोना काल में अचार डालता कवि में वे लिखते हैं कि अचार डालने में डूबा कवि भूल गया कि बाहरी दुनियां में जिस रोटी के साथ अचार खाया जाता है वह तेजी से गायब हो रही है। इन गूढ़ प्रतीको को डिकोड करना पाठक को साहित्यिक आनंद देता है । अनेक बिन्दुओ पर कथ्य से असहमत होते हुये भी मैने दीक्षित जी की सभी रचनायें इत्मिनान से शब्द शब्द की जुगाली करते हुये तथा उनके परिवेश को परिकल्पित करते हुये पढ़ीं और उनके विन्यास , शब्द योजना , रचना काल तथा भाषाई ट्विस्ट का साहित्यिक आनंद लिया । संग्रह पढ़ने मनन करने योग्य है।




**भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है ।**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मंगल पाठ का किया आयोजन



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भेरुन्दा रानी सती दादी महिला मंडल द्वारा विगत दिनों रामादीश गार्डन में रानी सती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इंदौर से आए प्रसिद्ध भजन गायक सुरेश शर्मा एवं उनकी मंडली के द्वारा दादी के यश गान करते हुए सुंदर भजनों ने सभी महिला मंडल को खूब आनंदित किया। महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के अग्रवाल समाज की समस्त महिला मंडल मोर्चे की पदाधिकारी सहित एवं सभी वर्गों की महिलाएं उपस्थित रही। महिला मंडल की सदस्य रमा गर्ग, सरोज अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, रीना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल संगीता अग्रवाल ने बताया कि हम हर साल महिला मंडल द्वारा रानी सती दादी का पाठ करवाते हैं लेकिन कोरोना काल के बाद अब हमने बड़ा कार्यक्रम करवाया है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे।

### भागवत कथा में मनाई श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां

**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम करैयाहाट में श्रीमद भागवत कथा की रसधारा बह रही है। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस दिन शनिवार को कथा वाचक पंडित मनोज शास्त्री महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीव जब साधना करने बैठ जाता है तब संसार रूपी हथकड़ियां और पैरों की बे सबल बेड़िया टूट जाती है और प्रेम के दरवाजे खुल जाते हैं। उन्होंने आगे श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का बखान करते हुए कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते अवतार धारण करते हैं प्रकट होते हैं। उन्होंने देवकी वसुदेव प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया भक्तों का उद्धार करने के लिए भगवान को जेल में प्रकट होना पड़ा। लेकिन उनका लालन-पालन नंद गांव में हुआ। पुष्पों की होली खेलते हुए भक्तों द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की जीवंत झांकी सजाकर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया तथा मिठाई बांटकर खुशियां मनाई एवं श्री कृष्ण के जन्म पर बधाई व मिठाइयां बांटी। इस दौरान श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की घाटी में जमकर झूमे कथा विश्राम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।



सीएमएचओ कार्यालय में हुए घोटाले की चल रही जांच

# जिला कोषालय में भोपाल से जांच करने आए अधिकारी



**रायसेन, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ कार्यालय में हुए घोटाले की जांच जारी है। शुक्रवार को भोपाल से आए अधिकारी ने जिला कोषालय में दस्तावेज तलब किए। सीएमएचओ भी हाजिर हुए। अभी तक की जांच में तीन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है, जबकि बाकी दस कर्मचारियों सहित वो अधिकारी बचे हुए हैं, जिनकी जानकारी के बिना यह घोटाला संभव नहीं था। इस घोटाले के तकनीकी पक्ष की ओर नजर डालें तों स्पष्ट होता है कि बिना अधिकारियों के कोई भी बिल, बाउचर, खर्च का भुगतान नहीं किया जा सकता। फैमली पेंशन, जीपीएफ, डीपीएफ आदि के भुगतान अधिकारियों के हस्ताक्षर और अनुमोदन के बिना नहीं हो सकता।

कर्मचारियों से उनके खातों में जमा की गई राशि की वसूली की जा रही है, आनन फानन में 3 कर्मचारियों को निलंबित भी कर दिया, लेकिन बाकी कर्मचारी अभी अछूते हैं। लेखा से जुड़े विशेषज्ञ बताते हैं कि यह घोटाला ट्रेजरी के सॉफ्टवेयर आई आइएफएमआइएस से उजागर हुआ है। जिसमें हर विभाग को लॉगिन पासवर्ड दिए हैं। जिसका उपयोग अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही बिल वाउचर लगाए और अपलोड किए जाते है। इसमें पहला लॉगिन अकाउंटेंट का होता है, जिसे मेकर कहा जाता है। जो बिल, वाउचर को आइएफएमआइएस पर अपने लॉगिन से विभिन्न मदों में रिसीव कर अपडेट करते हैं। इसके बाद दूसरा लॉगिन डीडीओ या सीएमएचओ का होता है जिस पर जो बिल लगाए हैं उनको ओटीपी के माध्यम से वेरिफाई किया जाता है और ये ओटीपी सीएमएचओ, डीडीओ के मोबाइल पर आता है। इसके बाद बिल ऑनलाइन डीटीओ जिला कोषालय के पास स्वीकृति के लिए जाता है। जिसे डीटीओ स्वीकृत कर देते है और राशि खातों में ट्रांसफर हो जाती है। इस प्रक्रिया में पूरी जवाबदेही अकाउंटेंट लॉगिन और डीडीओ लॉगिन की होती है। किस मद की राशि किस काम में खर्च करना है, यह सब सोच समझकर किया जाता है, जिसकी जिम्मेदारी विभाग के मुख्य लिपिक और मुख्य अधिकारी की होती है।

### इनका कहना है

सीएमएचओ कार्यालय में बड़े घोटाले की जानकारी मिली है। जिला कोषालय अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्हे जल्द और पूरी गंभीरता से जांच के लिए कहा है, तीन दोषियों को निलंबित भी किया गया है।

**अरविंद दुबे,**
**कलेक्टर रायसेन**

# मतदाता जागरूकता के लिए एलबीएस कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधि के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को संदेश देने का प्रयास किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रितु विश्वकर्मा, द्वितीय बीए द्वितीय वर्ष के छात्र देवी सिंह अहिरवार एवं तृतीय स्थान बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कामना शवाहा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रोफेसर संघप्रिय गौतम डॉक्टर पूजा मिश्रा, क्रांति चौधरी, वर्षा पटेल, डॉक्टर वसीम उल्ला खान, प्रोफेसर महेश चंद्र परमार, डॉक्टर अभिषेक चौहान ,रजनी चौहान, रितु बघेल, दीपक सोलंकी, भगवत सिंह पाल डॉ कल्पना पंचोली के साथ समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में स्टोरी मेकिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्टोरी मेकिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि शर्मा तथा द्वितीय स्थान निशा नामदेव ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने समस्त प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# स्वास्थ्य परीक्षण कर छात्र-छात्राओं को दी कई जानकारियां




**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** शुभम् कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में डॉ. अंकित सैनी बीएएमएच एवं डॉ. रिद्धिमा राठौर बीएएमएस द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया। डॉक्टरों के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ से जुड़ी सलाह भी दी गई की किस प्रकार हम हमारे शरीर को स्वास्थ रख सकते है। डॉ. सैनी एवं डॉ. राठौर ने संस्था के समस्त छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क उपचार परामर्श देने की बात भी कही। इस अवसर पर संस्था के संचालक विजेंद्र कुमार शर्मा एवं शुभम् विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संस्था की प्राचार्य गौरी सिंह जादौन द्वारा दोनों डॉक्टर्स का आभार व्यक्त किया।

# रक्त सेवा समिति के स्थापना दिवस पर छात्राओं का किया रक्त परीक्षण

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** रक्त सेवा समिति के 23वें स्थापना दिवस का आयोजन शनिवार को स्पंदन एकेडमी में किया गया। यहां उपस्थित छात्र-छात्राओं का नि:शुल्क रक्त परीक्षण किया गया। समिति ने पिछले 23 वर्षों में 100 से अधिक नि:शुल्क रक्त समूह परीक्षण किए हैं। इन परीक्षण शिविर में लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया है। साथ ही 50हजार से अधिक साधारण रक्त सदस्य बनाए हैं। जिन्हों रक्तदान कर रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों की जान भी बचाई है।

रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने बताया कि समिति 23वां स्थापना दिवस मना रही है। आज स्थाई सदस्यों की संख्या सौ, अस्थाई सदस्य एक हजार एवं साधारण परीक्षण सदस्यों की संख्या 50 हजार से अधिक हो गई है। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत ने बताया शिविर में रक्त परीक्षण कर मौके पर ही लोगों के उनके ब्लड ग्रुप की जानकारी दी जाती है। समिति ने नगर के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षण शिविर लगाये, एनसीसी, एनएसएस के कैंपों में भी नि:शुल्क परीक्षण कार्यक्रम किए। समिति ने 350 से ज्यादा ग्रामों में, नगर के सभी वार्डों में परीक्षण शिविर का आयोजन किया। समिति आईएसओ प्रमाणित है। समिति वेबसाइट व मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ग्रुप की जानकारी देती है। समिति विभिन्न आयोजनों को भी करती है। जिसमें नि:शुल्क परीक्षण शिविर, पौधरोपण ,निबंध जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताएं संपन्न कराती है। यह सभी कार्यक्रम निशुल्क होते है। जिसमें समिति को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था। समिति द्वारा निशुल्क रक्त समूह परीक्षण 100 हो चुके है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर ऋषभ कुमार जैन, समिति अध्यक्ष राकेश जैन संस्थापक राजेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश जैन, अशोक कुमार जैन, अनिल दुबे, राजेंद्र गोर, दिनेश तिवारी, ओमप्रकाश, मुकेश तिवारी मुन्नालाल दुबे, शांति कुमार जैन, सुनील अहिरवार, प्रकाश कुशवाह रमन प्रजापति, सुनील प्रजापति जगपाल लोधी, स्पंदन विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुशवाहा, जितेंद्र तोमर, जयमाला खापरे, करुणा श्रीवास एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### रोड चौड़ीकरण: आज 2 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**सिरोंज,देशबन्धु।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन छत्रीनाका से बलेजा पैट्रोल पंप तक के रोड चौड़ीकरण के निर्माण कार्य हेतु सुरक्षा की दृष्टि से रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक 33/11 केव्ही लिंकरोड उपकेन्द्र से निकालने वाले समस्त 11 केव्हीं फीडरों का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। जिससे नगर के सभी क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई दो घंटे बंद रहेगी।

# फारेस्ट की जमीन के विवाद पर दो पक्षों में चली गोलियां, 2 घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के निरार थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह जमीन विवाद पर दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई, जिसमें दोनों पक्ष के एक-एक व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। उक्त घटना से गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में रहने वाले पप्पू एवं मातादिन तथा रामलखन, सतवीर पूर्व में साथ में ही काम करते थे और उनके द्वारा लगभग 300 बीघा जमीन फॉरेस्ट की हड़पकर उस पर खेतीवाड़ी कर ली गई। धीरे-धीरे उससे दोनों पक्षों की अच्छी आमदनी होने लगी तो जमीन को लेकर विवाद भी होने लगे। बताया जाता है कि पिछले 6 महीने से भी अधिक समय से दोनों पक्षों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था तथा रामलखन ने पप्पू से कहा कि ज़मीन बांट लो, जिस पर से दोनों में रंजिश बन गई। इसी के चलते शनिवार की सुबह पप्पू और मातादीन तथा रामलखन, सतवीर का ग्रुप बंदूके एवं कट्टे लेकर आमने-सामने आ गए तथा जमकर फायरिंग की गई। इस फायरिंग में पप्पू का लड़का हरिओम तथा सतवीर का भाई बीरबल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जोड़ा अस्पताल ले जाया गया, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया गया है।

# करणी सेना ने रैली निकालकर एसडीएम व एसपी को दिया ज्ञापन



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की कैलारस तहसील में विगत दिनों क्षत्रिय समाज के पथ प्रदर्शक महाराणा प्रताप का चबूतरा एवं स्तंभ तोड़े जाने की घटना के बाद से ही क्षत्रिय समाज में आक्रोश व्याप्त है तथा करणी सेना भी आरोपियों को पकडने् के लिए लगातार आंदोलन कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को करणी सेना के प्रदेश महासचिव आशीष सिंह सिकरवार, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह सिकरवार तथा क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोगों ने रैली निकालकर एसडीएम तथा पुलिस अधीक्षक मुरैना को ज्ञापन दिया और मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की जाए तथा उन्हें अविलंब गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से ही क्षत्रिय समाज में बेहद आक्रोश है और इसकी गंभीरता को पुलिस एवं प्रशासन समझे।

# किसान 16 तक जमा कर सकते है फसल बीमा योजना का प्रीमियम

**रायसेन, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2023 में किसानों का प्रीमियम जमा करने की समय अवधि 16 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री एनपी सुमन ने बताया कि इच्छुक किसान 16 अगस्त के पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। अल्पकालीन फसल प्राप्त करने वाले किसानों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जाता है तथा अऋणी किसान अपनी स्वेच्छा से अधिसूचित फसलों का बीमा बैंक, सीएससी एवं मार्कफेड के भण्डारण केन्द्रों पर जाकर बीमा करा सकते हैं।

फसल बीमा कराने के लिए फसल बीमा प्रस्ताव फार्म, आधार कार्ड, पहचान पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका, पटवारी या ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी बुआई प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

### उद्यम क्रांति योजना के तहत मंगाए आवेदन

**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायसेन के महाप्रबंधक राकेश सुनोरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में विनिर्माण इकाई और उद्योग स्थापित करने वाले युवाओं को 50 हजार रू से 50 लाख रू तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए 50 हजार रू से 25 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

# स्काउट गाइड ने निकाली मतदाता जागरूक रैली



**मुरैना, देशबन्धु।** भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वाधान में स्काउट गाइड की मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ पंडित राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर एसडीएम भूपेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण आयुक्त जी डी गांधी, जिला अध्यक्ष डॉ विवेक राठी, जिला आयुक्त अशोक यादव, उपाध्यक्ष राकेश शिवहरे, सुरेंद्र यादव, अमृत लाल यादव एवं के डी दंडोतिया उपस्थित थे। प्रारंभ में स्काउट/ गाइड ,रोवर /रेंजर को रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर एकत्रित कर मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने एवं अपने आसपास मतदाता जागरूकता के लिए उद्बोधन में जिला उपाध्यक्ष राकेश शिवहरे, केडी दंडोतिया, सुरेंद्र सिंह यादव, अमृतलाल यादव द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। इसके साथ ही गोपाल दास गांधी, जिला पुरातत्व अधिकारी डॉ अशोक शर्मा द्वारा भी बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी बीएस कुशवाह द्वारा बच्चों को बताया गया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव में मुरैना जिले का प्रतिशत मध्य प्रदेश के प्रतिशत से कम था और विशेष तौर पर मुरैना शहर का प्रतिशत सबसे कम रहा था।

### जल सेवा करने वालों का सम्मान आज

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत स्काउट गाइड जिला सघ मुरैना द्वारा संचालित वर्ष 2023 रेलवे स्टेशन मुरैना गर्मियों के समय में विभिन्न रेलगाड़ियों में शीतल जल पिलाने की सेवा की है। उन स्काउट गाइड तथा दानदाताओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 13 अगस्त को दोपहर 11 बजे वैष्णव इंस्टीट्यूट टीआरपुरम मुरैना पर आयोजित किया जा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंकित अस्थाना जिलाधीश जिला मुरैना, विशिष्ट अतिथि सी बी प्रसाद अपर कलेक्टर, दीपक पांडे संयुक्त संचालक लोक शिक्षा ग्वालियर एवं चंबल संभाग, ए के पाठक जिला शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्षता डॉ विवेक राठी जिला अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना करेंगे।

# 2 स्थानों से हथियारों की तस्करी करते आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार

- 2 दर्जन से अधिक हथियार एवं कारतूस बरामद, एक दुर्दांत अपराधी भी गिरफ्तार




**मुरैना, देशबन्धु।** शहर की कोतवाली पुलिस एवं स्टेशन रोड थाना पुलिस ने दो स्थानों से अवैध हथियारों की तस्करी कर रहे आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार एवं कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त कार एवं स्कूटी जप्त कर मामला दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक कुख्यात अपराधी भी शामिल है, जिस पर 30 मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने विगत रात्रि अंबाह बायपास रोड यादव ढाबा के पास से एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी क्रमांक डीएल 13 सीए 5877 को मुखड़े की सूचना पर से एंबुश लगाकर रोका और तलाशी लेने पर कार में बैठे तीन आरोपियों के कब्जे से 9 कट्टा 315 बोर, 32 बोर पिस्टल एक, 315 बोर की अधिया तथा 20 कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में केशव सिंह पुत्र रामवीर सिंह तोमर निवासी थाना नगरा, सीताराम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह भदोरिया एवं शैलेंद्र भदौरया निवासी अंगदपुरा अटेर जिला भिंड शामिल है। पुलिस द्वारा आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

इसी प्रकार मुखबिर की सूचना पर से स्टेशन रोड थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ अंबाह रोड जेवरा खेड़ा मोड़ के पास से एक स्कूटी पर सवार तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 315 बोर के चार कट्टे, एक अधिया, एक पिस्टल एवं 6 राउंड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में जितेंद्र पुत्र रामनिवास निवासी गोपालपुरा कैप्टन गली, शिवम पुत्र हरीबाबू सिंह तोमर 23 वर्ष निवासी न्यू आमपुरा एवं शैलेंद्र पुत्र मेहराब सिंह गुर्जर 21 वर्ष निवासी अंबाह बाईपास मुरैना शामिल हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शिवम तोमर शातिर एवं दुर्दांत अपराधी है तथा हत्या, हत्या के प्रयास सहित लगभग 30 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस



**हरदा, देशबन्धु।** सिनर्जी संस्थान के हरदा , हंडिया, सिराली, कायदा के युवाओं ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस दौरान युवाओं ने इस दिन के महत्व को बताते हुए युवाओं के लिए इस वर्ष की थीम ग्रीन के बारे में चर्चा की। इसके बाद सभी युवा साथियों ने आज के युवाओं की चुनौतियो के विषय पर बात की। इस दौरान सिनर्जी संस्थान ने युवाओं के लिए अपने तीन विशेष स्पेस युवालय, उड़ान, जन प्रथम फेलोशिप के विषय में जानकारी देते हुए इन स्थानों से जुड़ने हेतु युवाओं को प्रेरित किया।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, 45 नामांकन फार्म जमा किए

**हरदा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नामांकन फार्म लेने व जमा करने के अंतिम तिथि 12 अगस्त को निर्धारित समय में अधिवक्ता प्रत्याशियों द्वारा 6 नामांकन फार्म लिए गये तथा 16 फार्म विभिन्न पदों के लिए जमा कराये गये। निर्वाचन अधिकारी गण अनिल एस बिल्लौरे, शैलेंद्र जोशी एवं ओ.पी. मोरछले ने बताया कि तीन दिवस में कुल मिलाकर 49 नामांकन फार्म प्रत्याशियों द्वारा लिये गये और 45 नामांकन फार्म जमा किये। आज अंतिम तिथि को अधिवक्ता प्रत्याशियों द्वारा नामांकन फार्म जमा करने को लेकर काफी उत्साह रहा। 14 अगस्त को समय 1 बजे विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ता प्रत्याशियों से प्राप्त नामांकन फार्म सूची का प्रकाशन किया जायेगा। प्रकाशन पश्चात प्राप्त नामांकन फार्म की सूक्ष्म जांच अर्थात स्कूटनी कर उसी दिन शाम 4 बजे प्रत्याशी अधिवक्ताओं की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 16 अगस्त को दावे आपत्ति की प्रस्तुति रहेगी तथा दावे आपत्ति की सुनवाई और निराकरण 17 अगस्त को किया जाएगा।

### जैन एकता मंच महिला प्रकोष्ठ का गठन

**हरदा, देशबन्धु।** सकल जैन समाज की नारी शक्ति द्वारा एकता मंच का गठन किया गया। जैन एकता मंच पहली ऐसी संस्था होगी जिसमें दिगंबर, श्वेतांबर ,मूर्तिपूजक ,स्थानकवासी एवं तेरापंथी समाज की महिलाएं एक मंच पर एक साथ कार्य करेंगे। मंच की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर प्रेरणा महेंद्र जैन, उपाध्यक्ष वैशाली गौतम जैन, कोषाध्यक्ष रति अंकित जैन, सचिव नेहा प्रशांत बाफना एवं प्रचार मंत्री शीतल संजय जैन को नियुक्त किया। इस अवसर पर महिला परिषद अध्यक्ष साधना जैन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष श्रीमती साधना राजीव जैन, जैन महिला मंडल की तनुजा जैन श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष एवं संरक्षक इंदु बाला बाफना ,अर्चना बाफना ने सभी को बधाइयां प्रेषित की।

छिंदखेड़ा और तिवरखेड़ में अधूरे आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण का विरोध

# नहीं पहुंचे सांसद, ग्रामीणों ने अधिकारियों को लौटाया

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तिवरखेड़ एवं छिंदखेडा में शनिवार आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्रों का विकास पर्व अंतर्गत लोकार्पण होना था। जिसमें छिदखेड़ा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दुर्गादास उईके शामिल होने वाले थे, जबकि ग्राम तिवरखेड़ में आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी, बीएमओ प्रभात पट्टन पहुंचे थे जिन्हें ग्रामीणों ने बिना उद्घाटन किए बैरंग ही लौटा दिया।

**छिंदखेड़ा में काले झंडे लगाकर किया विरोध:** ग्राम छिंदखेड़ा में शनिवार अधूरे आरोग्य उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम के पहले ही ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र पर काले झंडे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। जिसके चलते उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डीडी उईके आदि कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री वॉल का कार्य अधूरा है, यहां पीने के पानी और बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, मरीज के लिए फर्नीचर तथा बेड भी उपलब्ध नहीं है। पहले यह निर्माण कार्य पूरे कराया जाए उसके बाद ही उद्घाटन कराया जाएगा। इस संबंध में ग्राम सरपंच हेमंत गुड्डू मानकर




ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ प्रभात पट्टन को पत्र भी लिखा है।

**अधिकारियों को पंचनामा बनाकर ग्रामीणों ने लौटाया:** ग्राम पंचायत तिवरखेड़ में लोकार्पण करने पहुंचे जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अरविंद कुमार भट्ट, बीएमओ डॉ जितेंद्र कुमार अत्रे, डी व्ही एस एम दीपक झरिए, बीईई सुखनंदन बामने को ग्रामीणों के विरोध के चलते बिना लोकार्पण के ही लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिन्हें भरा नहीं गया और बाउंड्री वाल का कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। जिसके चलते अधूरे उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने की स्थिति में नहीं होने के कारण लोकार्पण को कार्य पूर्ण होने तक स्थगित किया गया है।

# तिवारी ने संभाला रानीपुर थाना प्रभारी का पदभार



**सारनी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न स्थानों में थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर किया है जिसमें रानीपुर थाना प्रभारी को अमला भेजा गया है और अवध नारायण तिवारी को रानीपुर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैतूल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी बैतूल के निर्देश के बाद जिले भर में अपनी साफ-सुथरी छवि के रूप में पहचाने जाने वाले अवधेश नारायण तिवारी ने शनिवार लगभग 3 बजे रानीपुर थाने का प्रभार ग्रहण कर लिया है। वही रानीपुर थाने के पूर्व प्रभारी मोहित दुबे भी आमला के लिए रवाना हो गए। थाना प्रभारी अवधेश नारायण तिवारी के रानीपुर पहुंचते ही रानीपुर के ग्रामीण लब्बू पांडे, सतीश जोगलेकर, हरिराम पांडे, प्रहलाद राठौर सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तिवारी ने प्रभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में होने वाले अपराध के बारे में अपने स्टाफ से चर्चा की और उन पर शीघ्र ही अंकुश लगाने की बात कही इस दौरान थाने के प्रधान आरक्षक तरुण पटेल,पूनम तिवारी,अल्केश राजेंद्र भलावी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अनुराग बने युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष



**सारनी, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लाबरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.व्ही.श्रीनिवास,प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव,प्रदेश अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया एवं प्रदेश सहप्रभारी मानसिंह राठौर की सहमति से विधायक सुखदेव पांसे, घोडाडोंगरी विधायक ब्रह्मा भलावी एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव भूषण कांति की अनुशंसा से बैतूल युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण बैतूल अंबरदीप बुनकर द्वारा घोडाडोंगरी विधानसभा के ग्राम कुही के अनुराग हाथिया को युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष घोडाडोंगरी नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार की टक्कर में नीलगाय की मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** नागपुर हाईवे पर नागपुर से बैतूल की ओर आ रही एक मर्सिडीज कार एक नील गाय से टकरा गई। जिससे कि नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई है, इधर बताया जा रहा है कि कार में सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि नागपुर से कुछ लोग कार में सवार होकर बैतूल की ओर जा रहे थे, इसी बीच मालेगांव के समीप हाईवे पर अचानक से तेज गति से एक नील गाय आ गई और आकर सीधे कार से टकरा गई। जिससे की निलगाय दूर फीका गई। दुर्घटना में मौके पर ही नीलगाय की मौत हो गई,वहीं कार में सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं ।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार क्रमांक जीजे 18 बीडी 3344 नागपुर की ओर से तेज गति से आ रही थी। इसी बीच अचानक खेतों में से कूदते हुए एक नीलगाय हाईवे क्रॉस कर रही थी जो जाकर सीधे कार से टकरा गई ।जिसके बाद कार का सामने का कांच टूट गया एवं सामने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है,कार का साइड ग्लास भी टूट गया है। कार में सवार जिन लोगों को चोटें आई थी,वह लोग अस्पताल नहीं गए हैं, मौके पर कार छोड़कर कहीं और चले गए हैं ।बताया जा रहा है कि मौके पर नीलगाय का शव पड़ा हुआ है।

### शहीद किसान स्मृति कुटीर पुनर्निर्माण स्थल से पानी की टंकी चोरी

**मुलताई, देशबन्धु।** किसान संघर्ष समिति के स्टेशन रोड पर स्थित मुख्यालय शहीद किसान स्मृति कुटीर के पुनर्निर्माण स्थल से पानी की टंकी 4 दिन पहले चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत किसान संघर्ष समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट आराधना भार्गव ने मुलताई थाने में दर्ज कराई थी। निर्माण स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने खंगाला तो चोर का चेहरा सामने आ गया। मुलताई टी आई और एसडीओपी ने चोर को गिरफ्तार करने और पानी की टंकी वापस सौंपने का आश्वासन दिया था। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा का कहना है कि शहीद के सांस्कृतिक कुटीर के पास से टंकी चोरी होने का मामला सामने आया था। टंकी चुराने वाले चोर को पकड़कर टंकी वापस ला ली गई है,सीसीटीवी फुटेज देखने और चोर को ढूंढने में समय लगा।

# पारड़सिंगा में मिला डायनासोर का वंशज इंडियन पैंगोलिन

**वन विभाग ने स्वास्थ्य जांच के बाद जंगल में छोड़ा**

**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्र के ग्राम पारड़सिंगा में दुर्लभ प्रजाति का स्तनधारी वन्य जीव पैंगोलिन मिला है। दिखने में छोटे डायनासोर जैसा लगने वाला यह प्राणी विचित्र दिखाई देता है और किसी भी संकट का आभास होने पर अपने आप को गेंद के आकार में तब्दील कर लेता है और गोल आकार लेने पर इस का खोल इतना कठोर और मजबूत होता है कि इसे कोई भी शक्तिशाली जानवर नुकसान नहीं पहुंचा सकता। शुक्रवार रात ग्राम पारड़सिंगा के ग्रामीणों ने सर्पमित्र एवं शिक्षक मोनू तायवाड़े को विचित्र जीव होने की सूचना दी थी। मोनू तायवाड़े ने ग्राम में पहुंचकर तरुण भिकोड़े के मकान से पैंगोलिन को पकड़ा और जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सुबह वन विभाग के हवाले कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन पवार ने बताया कि दक्षिण वन मंडल के मुलताई क्षेत्र के ग्राम पारड़सींगा के खेत से लगे मकान में मिले पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर वन



कर्मियों की मदद से उसे क्षेत्र से लगे जंगल में छोड़ दिया गया है। पैंगोलिन प्रजाति वन्यजीव अधिनियम 1972 की अंकसूची 1 में शामिल है। पर्यावरण की दृष्टि से इसकी महत्ता बहुत अधिक है।

**प्रतिवर्ष 70 से 80 मिलियन चीटी, दीमक, किट, पतंगों को खाता है:** पैंगोलिन को पकड़ने वाले मोनू ताएवाड़े, बताते हैं कि यह पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए बहुत अच्छा कार्य करता है। यह प्रतिवर्ष 70 से 80 मिलियन चींटी, किट और दिमग को खाता है। इसका आवरण बहुत सख्त होता है जो जीव की सुरक्षा में उपयोग होता है। इससे बुलेट फ्रूफ बनाने के भी काम में आता है ।

**इससे पहले भी मिले हैं दो बार इंडियन पैंगोलिन:** मुलताई क्षेत्र में इससे पहले भी दो बार इंडियन पैंगोलिन मिले है। इसका अभिप्राय है क्षेत्र में इनके और संख्या होने की संभावनाएं हैं। जिसे देखते हुए तेजी से लुप्त हो रहे इस जीव की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए । महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में इस स्तनधारी दुर्लभ वन्य जीव के संरक्षण के लिए एक अध्ययन समूह का गठन किया है।

### इनका कहना है

ग्राम में मिले दुर्लभ स्तनधारी जीव पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

**नितिन पवार,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

# हर घर लहराए तिरंगा, नपा लोगों को दे रही संदेश



**सारनी, देशबन्धु।** आजादी के अमृत से बढ़कर कोई दूसरा त्यौहार नहीं है इस त्यौहार में शासन के निर्देश के अनुसार 13 से 15 अगस्त तक संपूर्ण नगरपालिका शहरी क्षेत्र के लोग अपने घरों के ऊपर तिरंगा लगाकर इस अभियान में शामिल हो। यह बात नगर पालिक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी के मेश्राम ने कही। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन 13 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने प्रेरित कर रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि नगर पालिका परिषद ने लोगों को न्यूनतम दर पर तिरंगा झंडा भी उपलब्ध कराया है। पिछले एक सप्ताह से नगर पालिका के कचरा वाहनों एवं अन्य वाहनों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सारनी में नगर पालिका कार्यालय,पाथाखेड़ा, शोभापुर कालोनी और बगडोना में निर्धारित स्थानों पर झंडा विक्रय किए जा रहे हैं ।इसकी कीमत 25 रुपए प्रति झंडा रखी गई है ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री मेश्राम ने सारनी नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा लगाने का आव्हान किया है ।सीएमओ ने कहा कि अभियान समाप्ति के बाद तिरंगे को सम्मान के साथ उतारकर अपने घरों में रखना चाहिए ।उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का पूरा ध्यान रखने का भी आग्रह किया है।

# पौधरोपण महाअभियान: स्कूल, कॉलेजों सहित कई जगह लगाए जाएंगे पौधे

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में अंकुर अभियान अंतर्गत 13 से 15 अगस्त के बीच जन सहभागिता से पौधरोपण का महाअभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत समस्त कार्यालयों के भवनों, सार्वजनिक उपकरणों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, निगम मंडलों के कार्यालयों के प्रांगणों में पौधरोपण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी, छात्रावास, ग्राम पंचायत इत्यादि के परिसर में भी पौधरोपण होगा। उपलब्ध अन्य शासकीय एवं वन भूमि पर भी अभियान के दौरान पौधरोपण किया जाएगा। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान से अशासकीय संगठनों, समुदाय आधारित संगठनों एवं निजी संगठनों को जोड़ा जाए। साथ ही उनके परिसरों एवं अन्य योग्य स्थलों पर पौधरोपण करवाया जाए। पौधों की व्यवस्था संबंधित व्यक्ति, संस्था द्वारा स्वयं की जाएगी। रोपित पौधों की सुरक्षा, सिंचाई एवं देखभाल की जिम्मेदारी पौधरोपण करने वाले व्यक्ति/संगठन/संस्था की होगी। इस अभियान से जुड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए गए पौधरोपण का पंजीयन, अंकुर कार्यक्रम के वायुदूत- अंकुर एप पर अपलोड की जाएगी। वायुदूत अंकुर एप गूगल प्ले स्टोर अथवा एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा। प्रतिभागियों द्वारा पौधरोपण के 30 दिन पश्चात रोपित पौधे की द्वितीय फोटो भी इस एप पर अपलोड की जाना होगी। कलेक्टर बैंस ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के 22 विभागों की एक समिति भी गठित की है। उपरोक्त गठित समिति 13 से 15 अगस्त के बीच पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर जिला, विकासखंड, जनपद, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, स्कूल, महाविद्यालय के शासकीय भवनों, सार्वजनिक उपकरणों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, निगम मंडलों कार्यालयों के प्रांगणों में उपयुक्त स्थानों पर पौधरोपण कराना सुनिश्चित करेगी।

# कन्या विद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित किया कार्यक्रम

**बैतूल, देशबन्धु।** शा.कन्या उ.मा. विद्यालय गंज में गौरवमयी भारत विषय पर दूसरे शनिवार आशु भाषण पर आंनद सभा और बाल सभा का आयोजन किया गया। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि छात्राओं को बाल सभा के अन्तर्गत आशु भाषण एवं वाद विवाद के लिए विभिन्न विषय जिसमें भारतीय इतिहास, गौरवमयी नारियां, महान विभूतियां, भारत का स्वतंत्रता संग्राम आदि सदनवार गतिविधियां कराई गयी। इस अवसर पर जिले के कलाकार से मिलिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लेखन एवं नाट्य विदधा से जुडे कलाकार सूर्यदीप त्रिवेदी एवं शिरीष सोनी को आमंत्रित किया गया। आशु भाषण एवं वाद विवाद पर छात्राओं से चर्चा करते हुए सूर्य दीप त्रिवेदी ने कहा कि भाषण का अर्थ भाषण बोलने की शक्ति और आशु का अर्थ तेज-जल्दी हैं, इसमें मौखिक संचार, भाषण ध्वनियों और संकेतों के द्वारा किसी के विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने की क्षमता को आशु भाषण कहा जाता हैं। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कई प्रश्न पूछे गये जिसमें भाषण के प्रकार, भाषण की विषेषताएं तथा भाषण प्रस्तुतिकरण कैसे किया जाता है। इन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**छात्राओं को सिखाया शब्दों का सही उच्चारण:** शिरीष सोनी नाट्य कलाकार द्वारा शब्दों के सही उच्चारण पर छात्राओं से चर्चा करते हुए बताया गया कि शब्दों का सही उच्चारण करना हमें आना चाहिए जिससे हम अपनी बात को अच्छे से रख सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले तथा कक्षा शिक्षक बी.आर.कंगाले, अशोक इवने, सी.एल.नर्रे एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### परिवार परामर्श केंद्र में दंपत्ति में सुलह करवाकर भेंट किया पौधा

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पुलिस थाने में शनिवार परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में कुल 8 प्रकरणों की सुनवाई की गई। जिसमें से एक प्रकरण में दंपति के मध्य सुलह करवाकर, अच्छे से रहने की सौगंध दिलवा कर,काउंसलरों द्वारा उन्हें पौधा भेंट कर रवाना किया गया। काउंसलर एम के वर्मा ने बताया कि तीन प्रकरणों में समन्वय स्थापित न होने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए। चार प्रकरणों में एक पक्ष के ना आने के कारण अगली तिथि पर उन्हें बुलवाया गया। परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में मुख्य रूप से कल्पना भार्गव, सुषमा चंदेल, प्रदीप देशमुख, एमके वर्मा काउंसलर उपस्थित रहे। प्रधान आरक्षक सोनू परमार का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर दंपति के बीच सुलह होने के बाद उन्हें पौधा भेंट कर समझाइए देते हुए रवाना किया गया।

मेरी माटी मेरा देश के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

# विकास कार्यों में कोई कमी नहीं होगी: खंडेलवाल

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल बाजार में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर परिषद के सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व सांसद हेमन्त खंडेलवाल ने सर्व प्रथम कायाकल्प अभियान में करीब 54 लाख रुपए के विकास कार्यों और करीब 50 लाख के सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर लोकार्पण किया। भूमिपूजन की थोड़ी मिट्टी कलश में रखकर शपथ भी ली गई। इस अभियान के तहत ली गई इस मिट्टी को जुटाकर अमृत कलश यात्रा के रूप में दिल्ली भेजा जाएगा।

मुख्य अतिथि हेमन्त खंडेलवाल का स्वागत नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा,उपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़ सहित समस्त पार्षदों ने किया। कार्यक्रम के दौरान नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान साल श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सुधाकर पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर में विकास की गंगा हेमन्त खंडेलवाल के प्रयासों से ही बहती है फिर चाहे वो हर घर



जल मिशन में नल जल योजना दिलाई साथ ही नगर को सामुदायिक भवन दिलाया और नगर के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए सीएम राइज स्कूल की सौगात भी दिलाई है। नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा ने सबसे पहले उनकी परिषद को एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर वासियों को बधाई दी और परिषद के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों का जाल बिछाने पूर्व सांसद खंडेलवाल का हमेशा सहयोग मिला है और उम्मीद है कि आगे भी मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में नगर की शत प्रतिशत बहनाओं को योजना का लाभ मिल रहा है साथ ही उनकी परिषद प्रधानमंत्री आवास योजना में अधिक अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिला रही है और अब कायाकल्प के तहत विकास कार्य किए जाएंगे। बैतूल बाजार नगर परिषद के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद हेमन्त खंडेलवाल ने कहा की उन्होंने पहले भी नगर के विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और आगे भी होने वाले विकास कार्यों में हर संभव मदद करेंगे। खंडेलवाल ने बैतूल बाजार की जमकर तारीफ की और कहा की पूरे जिले में यदि गुणवत्तापूर्ण कार्य होते है तो इसी नगर में होते है यंहा के लोग हमेशा क्वालिटी का ध्यान रखते है कभी कोई समझौता नहीं किया है आने वाले समय में भी जिन योजनाओं की जरूरत होगी वे सरकार से लाने का प्रयास करेंगे। लंबे समय से पेंसनर समाज की मांग थी की नगर में उनके लिए भी एक भवन हो और उनका सपना भी साकार नगर परिषद ने कर दिया है दस लाख रुपए की लागत से पेंशनर समाज का भवन निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद हेमन्त खंडेलवाल, जितेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, रामकिशोर राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष दुर्गावती वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश गायक वाड़, भाजपा जिला महामंत्री सुधाकर पवार, मंडल अध्यक्ष सुनील पवार, पार्षद वन्दना राजेश धुर्वे आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### राज्यपाल 2 दिवसीय प्रवास पर 14 अगस्त को पचमढ़ी आएंगे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल दो दिवसीय प्रवास पर 14 अगस्त को जिले के पचमढ़ी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को अपराह्न 3:45 बजे राजभवन पचमढ़ी पहुंचेंगे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर राज्यपाल श्री पटेल राजभवन पचमढ़ी में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे एईसी ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी का भ्रमण करेंगे। अपराह्न 4 बजे राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल 16 अगस्त को सुबह 8:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदान का प्रशिक्षण ले रहे हैं ग्रामीण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपेट मशीन संचालन का प्रशिक्षण देने तथा मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रथ जिले के नर्मदापुरम , सिवनीमालवा, पिपरिया व सोहागपुर विधानसभा क्षेत्रों के गांवों का भ्रमण कर रहा है। इस वाहन के साथ अधिकारी कर्मचारियों व मास्टर ट्रेनर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है। जागरूकता रथ शुक्रवार को जिले के ग्राम गुराडिया मोती, शुक्करवाड़ा कला कला, आंचलखेड़ा, शुक्करवाड़ा, जवाली आदि ग्रामों में पहुँचा, जहां रथ के साथ तैनात अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर्स ने ग्रामीणों को ईवीएम के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया बताई। इस दौरान ग्रामीणों को रथ में स्थापित एलईडी टीवी के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

# जयंत दुबे हत्याकांड के 4 आरोपियों को आजीवन कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रथम अपारशत्र न्यायाधीश हर्ष भदोरिया की अदालत ने ग्राम धाईं एवं सांकई निवासी जयंत दुबे की हत्या के आरोपी कमलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र उर्फ लाला, राम जीवन तथा राहुल बरकड़े को भारतीय दंड विधान की धारा 302 / 34 एवं साक्ष्य छुपाने की धारा 201 तथा आपराधिक षड्यंत्र रचने की धारा 120 बी में दोषी पाते हुए सभी धाराओं में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

सभी आरोपियों दो-दो हजार के जुर्माने एवं आरोपी जितेंद्र और लाला पर 3000 रुपए के अर्थ दंड की सजा का आदेश भी पारित किया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर प्रत्येक धाराओं में 6 -6 माह एवं दो माह कारावास अलग से और भुगतना होगा। अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि 10 अक्टूबर 2020 को घर से रात्रि में 11 बजे घनश्याम दुबे का लड़का जयंत दुबे जल्दी घर आने का बोलकर गया था। 11 अक्टूबर को घर वापस नहीं आया तो आसपास तलाश के बाद थाना पथरोटा में उसकी गुमशुदी दर्ज कराई। बाद में सूचना मिली कि जयंत दुबे की लाश ग्राम सांकई के जंगल में पड़ी है। पिता ने डायल हंड्रेड पर सूचना दी एवं अपने लड़के की लाश जंगल में जाकर देखी। सीने पर पेचकस के 6-7 घाव दिखाई दे रहे थे और बाई आंख के ऊपर पत्थर से कुचलने के घाव के निशान भी दिखाई दे रहे थे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया एवं लाश का पंचनामा बनाकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया था। जांच के दौरान आरोपी कमलेश पिता फूलचंद, जितेंद्र पिता फूलचंद, रामजीवन पिता राधेलाल, लाल सिंह पिता राजू, राहुल पिता रामकेश, जितेंद्र पिता फूलचंद, भागवत पिता गुलाब सिंह तोमर को 11 अक्टूबर को जयंत दुबे के साथ सांकई जंगल में ले जाकर पुरानी रंजिश पर से एवं दारु की बात को लेकर उसके साथ मारपीट कर पेंचकस से चोट पहुंचाने और पत्थर से उसकी आंख पर चोट पहुंचाने से घायल कर उसकी हत्या कार्य करने के अपराध में गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को तत्काल न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

न्यायालय ने आरोपी रामजीवन एवं राहुल वरकड़े को धारा 302 के तहत कमलेश जितेंद्र को धारा 302/34 रामजीवन एवं राहुल को धारा 120 बी के तहत तथा जितेंद्र उर्फ लल्ला को साक्ष्य छुपाने की धारा 201 भारतीय दंड विधान के तहत जयंत दुबे की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी जितेंद्र को धारा 201 के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं 1000 के अर्थदंड से दंडित किया है। कमलेश, जितेंद्र, रामजीवन एवं राहुल गिरफ्तारी दिनांक से ही न्यायिक अभिरक्षा में थे। न्यायिक अभिरक्षा की अवधि सजा में समायोजित करने का आदेश भी पारित किया है। शेष आरोपियों को पर्याप्त एवं ठोस साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया है। इस प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन की ओर से एजीपी राजीव शुक्ला के साथ भूरेसिंह भदौरिया एवं एसएन चौधरी ने पैरवी की है।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना स्थल निरीक्षण से प्राप्त सुसाईड नोट को जप्त किया जिसमें मृतिका पीड़िता द्वारा आरोपी तालीम अली उर्फ बाबा द्वारा कालेज के सामने से कार में जबरदस्ती बैठाया और पेट्रोल डालकर आग से जलाने की कोशिश कर बहुत गन्दी हरकते करना लेख किया। मर्ग सदर की प्रारम्भिक जॉच मे मृतिका पीड़िता की मॉ से कथन लेख किये। सुसाईट नोट एवं मर्ग सदर की प्रारम्भिक जॉच पर आरोपी तालीम अली उर्फ बाबा की प्रताड़ना से परेशान होकर मृतिका पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जॉच पर आरोपी तालीम उर्फ बाब के विरूद्ध पृथम दृष्टया अपराध धारा 306, 307, 354, 342 भादवि 3(2)(5),3(1) एससीएसटी एक्ट का अपराध पाया जाने से मर्ग जॉच के आधार पर अपराध दर्ज किया गया मामले की विवेचना उप निरीक्षक श्रद्धा राजपूत द्वारा की गयी विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य अभियोजन घटना की पुष्टि होने पर आरोपी तालीम अली उर्फ बाबा को आजीवन कारावास एवं 20,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक सत्येन्द्र सिंह पटेल द्वारा पैरवी की गई।

## हर घर तिरंगा अभियान : कलेक्टर ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मेरा माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरूकता के लिए शनिवार को विद्यार्थियों की विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने एसएनजी स्कूल के सामने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में गर्व से तिरंगा थामे बढ़ी संख्या में कॉलेज के छात्र उपस्थित रहें। वंदे मातरम, भारत माता की जय एवं हर घर तिरंगा के नारे लगाए गए। विद्यार्थियों ने कलेक्टर को हर घर तिरंगा का बैच भी लगाया। रैली में होम साइंस कॉलेज, नर्मदा महाविद्यालय, आईटीआई नर्मदापुरम, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। रैली गांधी पार्क से शुरू होकर इंदिरा चौक, सतरस्ता चौक, हीरो होंडा शोरूम से होते हुए एसएनजी स्कूल के सामने पहुंची जहां समापन किया गया। सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

### फर्जी कॉल कर बीएलओ के साथ डिजिटल धोखाधड़ी के संबंध में सतर्क रहने की सलाह

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** निर्वाचन का कार्य कर रहे बीएलओ के साथ जालसाजों द्वारा निर्वाचन नोडल अधिकारी बनकर ठगी किए जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा किसी भी सोशल मीडिया या दूरभाष के माध्यम से कोई भी एप डाउनलोड करने के निर्देश नहीं दिए जाते है। जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त बीएलओ को सूचित करें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम से किसी भी प्रकार का कॉल प्राप्त होने पर सीधे अपने तहसील कार्यालय में ईआरओ, एईआरओ, विधानसभा के सुपरवाइजर से संपर्क करें। अवांछित कॉल एवं सोशल मीडिया के संबंध में सजग रहे।

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर एड्स जागरूकता रैली का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता हेतु महाविद्यालय में पोस्टर, लघु कथा एवं रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया कि रेड रिबन क्लब द्वारा आज महाविद्यालय में एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। डॉ. संजय आर्य ने कहा कि यह जागरूकता का एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है, जो दुनिया भर के युवाओं को पहचानता है और दुनिया के युवाओं को अपने समुदायों और राष्ट्रों में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बनाता है।

लघु कथा प्रतियोगिता में प्रथम हेमा पटैल, द्वितीय सुरभि राजपूत एवं तृतीय स्थान आयुषी यादव ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी बरखने, द्वितीय स्नेहा नागर एवं तृतीय स्थान अंजलि रैकवार ने प्राप्त किया। रील मेकिंग में प्रथम डॉली मनवारे, द्वितीय दिव्या भार्गव एवं तृतीय स्थान शारदा मेहरा ने प्राप्त किया। एनसीसी इकाई ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली।

रैली महाविद्यालय से न्यास कॉलोनी क्षेत्र से होकर पुनः कालेज में समाप्त की गई। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, रविंद्र चौरसिया, डॉ. मुकेश बिष्ट, पूनम साहू, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. नेहा सिकरवार, तरूणा तिवारी, हेमंत गोहिया, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### प्रवीण चौहान देहात, विवेक यादव को शिवपुर की कमान

**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरन सिंह ने निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को प्रशासनिक दृष्टि से विभिन्न पुलिस थानों में रिक्त पदों पर पदस्थ किया है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश अनुसार कार्यवाहक निरीक्षक हेमतला मिश्रा को रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी महिला थाना नर्मदापुरम, निरीक्षक श्रीनाथ झरबड़े को रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी केसला, कार्यवाहक निरीक्षक राजपाल सिंह जादौन को रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी माखननगर, कार्यवाहक निरीक्षक प्रवीण चौहान को थाना प्रभारी सोहागपुर से थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम, उपनिरीक्षक संजीव पवार को थाना प्रभारी शिवपुर से थाना प्रभारी पथरोटा, उपनिरीक्षक विवेक यादव को थाना स्टेशन रोड से थाना प्रभारी शिवपुर भेजा है।

## स्कूल संचालकों से सोपास ने की अपील

**इटारसी, देशबन्धु।** प्राइवेट स्कूलों के संगठन सोपास के इटारसी ब्लॉक ने सभी स्कूल संचालकों से आग्रह किया है कि अपने संस्थाओं में यूनिट टेस्ट, तिमाही व छमाही परीक्षा या तो सभी धर्मों के प्रमुख त्योहारों से पहले रख लें या फिर इन त्योहारों के बाद आयोजित करें, जिससे सभी बच्चे अपने धर्म व संस्कारों से भी जुड़े रहें और विद्यालयों की हर गतिविधियों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।

सचिव लोकेंद्र साहू ने कहा कि चूंकि स्कूली बच्चों को प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित होना भी जरूरी होता है परंतु अपने धर्म के रीति रिवाजों से दूर होते जा रहे हैं। इसके कारण उनमें अच्छे-बुरे, सही -गलत की पहचान व नैतिकता की कमी देखने को मिल रही है। कोषाध्यक्ष प्रशांत चौबे का कहना है कि सभी धर्मों में बच्चों को संस्कारित रहने व नैतिकता की शिक्षा दी जाती है और यही कार्य शिक्षा के मन्दिर-विद्यालयों में भी किया जाता है। अतः सभी की कोशिश है कि बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ साथ नैतिक व आध्यात्मिक विकास भी बना रहे।

सोपास ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश जैन ने बताया कि इस सुझाव को सभी स्कूलों संचालकों द्वारा सहर्ष स्वीकार किया जा रहा है व पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। इस सुझाव पर शिव भारद्वाज, जाफर सिद्दिकी, आलोक गिरोटिया, घनश्याम शर्मा, नटवर पटेल, मनोज पटेल, रमेश प्रधान, आरती जायसवाल, रेशमा भाटिया, आरके गौर, अनुराग दीवान, दीपक जैन, अजीत जैन, मनीष जैन का भी समर्थन रहा।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह किया



**इटारसी, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज इटारसी स्टेशन पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा रंग बिरंगी सजी मटकी में स्टेशन के चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर अशोक दुबे द्वारा मिट्टी का संग्रहण किया गया।

कार्यक्रम में आशीष झारिया एडीएमई, स्टेशन मैनेजर देवेंद्र चौहान, आरपीएफ इंस्पेक्टर एसके बाजपेई, एसएसई कैरेज वैगन राजेश सूर्यवंशी, स्टेशन मैनेजर वाणिज्य विकास सिंह, सीटीआई एचएन मेहरा, अनिल राय सहित बड़ी संख्या में सुपरवाइजर के अलावा कर्मचारी स्टाफ एवं स्टेशन के अन्य वर्ग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल में पौधरोपण व विधिक साक्षरता शिविर लगा



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी द्वारा सीएम राइज विद्यालय इटारसी में पौधरोपण एवं विधिक जागरूकता शिविर कर आयोजन किया।

पौधरोपण कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी हर्ष भदौरिया ने बताया कि वर्तमान समय में पौधरोपण करना बहुत ही आवश्यक है, जिससे कि वातावरण में शुद्ध वायु मिल सके। वृक्षों के अभाव में आज वातावरण बहुत ही प्रदूषित हो गया है और मनुष्य जीवन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वृक्ष जहां हमें शुद्ध हवा प्रदान करते है वहीं फल भी प्रदान करते हैं, इसलिए हमें यह प्रण करना चाहिए कि कम से कम अपने जीवन में एक पौधा तो अवश्य लगाएं एवं पौधरोपण हेतु अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें जिससे कि धरती में पर्यावरण संतुलन बना रहे।

इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में जिनेन्द्र कुमार जैन विधिक सेवा सदस्य तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी, शाला के प्राचार्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**इटारसी।** कांग्रेस की बैठक में शामिल होने आए मप्र कांग्रेस के सह प्रभारी संजय कपूर और तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष माणक अग्रवाल के समक्ष दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। युवा नेता सोनू बकोरिया ने उन्हें सदस्यता दिलायी।सोनू बकोरिया ने बताया कि बैठक में अर्जुन वेशकर, संदीप बुढ़ाना, राज सोलंकी, धीरज कटारे, नरेंद्र सोनिया, विकास बडगूजर, संजीव नामदेव, राहुल बड़गूजर, नीरज, दीपेश, संतोष, काव्या चुटीले, पीयूष शुक्ला, साहिल एवं अन्य लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## विश्व युवा दिवस के अवसर पर एमजीएम कालेज में हुई प्रतियोगिताएं



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व युवा दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें पोस्टर मेकिंग , प्रतियोगिता, लघु कहानी, सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग मे13 प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में तीन प्रतिभागियों ने लघु कहानी मैं तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमित पुरी गोस्वामी द्वितीय स्थान हर्ष चौरे तृतीय स्थान कोसर खान को प्राप्त हुआ ।पोस्टर निर्माण में अग्रवाल आकृति अग्रवाल आरती नामदेव अर्पिता सराठे चेतना हिरवा रोहित मालवीय पलक चौधरी सिमरन यादव ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कहा कि भारत एचआईवी उन्मूलन की दिशा में लगातार कठिन प्रयास कर रहा है। एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने सभा में जकड़ रखा है। एचआईवी के संबंधित मामलों को खत्म करने का प्रयास किये जा हैं। इसके बावजूद भी यह पूरे देश भर में तेजी से फैल गया एवं जल्द-ही इसके 135 और मामले सामने आये जिसमें 14 एड्स-2 के मामले थे। यहाँ एचआईवी/एड्स के ज्यादातर मामले यौन कर्मियों में पाए गए हैं।

इस दिशा में सरकार ने पहला कदम यह उठाया कि अलग-अलह जगहों पर जांच केन्द्रों की स्थापना की गई। इन केन्द्रों का कार्य जांच करने के साथ-साथ ब्लड बैंकों की क्रियाविधियों का संचालन करना था। बाद में उसी वर्ष देश में एड्स संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण, रक्त जाँच संबंधी विवरणों एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों में समन्वय के उद्देश्य से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के सहायक ध्यापक डॉ दिनेश कुमार द्वारा किया इस आयोजन में महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पीके अग्रवाल अग्रवाल एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार, डॉ. आशुतोष मालवीय, संजीव, डॉ मनीष कुमार डॉ. एकता, श्रीमती भारती चौधरी आदि मौजूद रहे।

#### पुलिस कॉलोनी में नपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण, समस्याएं सुनी

## नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा, अगले सप्ताह विधायक के साथ लगाएंगे 51 पौधे

**इटारसी, देशबन्धु।** मप्र शासन के मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एमजीएम कॉलेज के पास मौजूद पुलिस आवासीय कॉलोनी में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पहुंचकर पुलिस के साथ यहां एकादशी पर आंवला व अशोक के पेड़ लगाए। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु मेहरा, वार्ड 11 के पार्षद अमित विश्वास सहित बडी संख्या में कॉलोनी के निवासी मौजूद थे।



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कॉलोनी की साफ सफाई व रखरखाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि अच्छी-अच्छी प्राइवेट कॉलोनी इस तरह सुंदर नहीं दिखती। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां कहा कि कॉलोनी में एक सप्ताह के अंदर ही वे मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के आतिथ्य में यहां 51 पेड ट्री गार्ड के साथ लगाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष का स्वागत पुलिसकॉलोनी निवासियों ने ढोल बजाकर, लाडली लक्ष्मी बिटिया ने आरती उतारकर व पुष्प माला पहनाकर किया।

**समस्या हल करने का आश्वासन**- कॉलोनी के निवासी सुधीर सिंह चौहान, गुलशन सोनी, रविंद्र उइके, राहुल कुमार, राजू जाट, हरीश दिगरसे, जय पाथे, सुनील चौधरी, प्रदीप चौधरी, अविनाश कुमार, संगीत राजपूत, केके यादव एवं समस्त जिला पुलिस बल एवं जीआरपी स्टॉफ ने नपाध्यक्ष श्री चौरे को बताया कि कॉलोनी के रखरखाव के लिए एक समिति बनी है। जिसमें 30 से 35 हजार रुपये हर माह जमा होता है, लेकिन यह सारा पैसा स्ट्रीट लाइट के बिजली बिल में चला जाता है इसलिए कॉलोनी में स्ट्रीट लाइन नगरपालिका से जलवाएं, वहीं नगरपालिका के सफाई कर्मी कॉलोनी में सफाई के लिए उपलब्ध कराएं और कचरा गाड़ी जो आती है वह सुबह 9 बजे तक पहुंच जाए। रविंद्र उइके ने कहा कि अभी ज्यादातर स्टाफ सुबह 10 बजे तक थाने चला जाता है और गाडी 11 बजे आती है, जिससे कचरा नहीं डाल पाते। नपाध्यक्ष श्री चौरे ने सभी समस्याओं को जल्द हल करने का आश्वासन दिया है। सीएमओ ने भी समस्याओं का समझकर उन्हें हल करने का वादा किया।

#### 6 फीट ऊंचाई के लगाए जाएंगे ट्री गार्ड

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस वर्ष से 6 फीट ऊंचाई के ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मवेशी अभी पहले बन रहे ट्री गार्ड में पेड बड़े होने पर ऊपर से उन्हें नुकसान पहुंचा देती थीं, इसलिए अधिक ऊंचाई के ट्री गार्ड इस वर्ष बनवा रहे हैं। जिससे मवेशियों की पहुंच से पेड़ दूर रहे।

मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्ष और राहुल ने सरकार को घेरा

# विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया



- मणिपुर मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता था विपक्ष
- प्रधानमंत्री ने बंगाल हिंसा पर भी विपक्ष को घेरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया।

मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैए और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे, क्योंकि वोटिंग होती तो घमंडिया गठबंधन की पोल खुल जाती।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राज्य में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव का जिक्र कर टीएमसी पर भी सवाल खड़े किए। प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में टीएमसी ने कैसा खूनी खेल खेला, ये पूरे देश ने देखा है।

## प्रधानमंत्री को हिंसा पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में हुए खून-खराबे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर किए गए तीखे हमले के जवाब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उन्हें हिंसा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है।

प्रधानमंत्री के भाजपा के पूर्वी क्षेत्र पंचायती राज कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करने के बाद जारी वीडियो में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा के बारे में बात की है। यह वास्तव में भाजपा की राज्य इकाई द्वारा योजनाबद्ध और प्रचारित किया गया था। ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान भाजपा समर्थित गुंडों ने लगभग 17 लोगों की हत्या कर दी। प्रधानमंत्री को ऐसी बातें कहने से पहले राजनीतिक शिष्टाचार सीखना चाहिए। उन्हें ऐसे समय में पश्चिम बंगाल में हिंसा के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है जब वह मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में वह असमर्थ हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करना ऐसे समय में प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता जब वह खुद भ्रष्टाचार के घेरे में हों।

# मणिपुर में जो रहा वो पहले नहीं देखा



**वायनाड, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे हैं। वायनाड में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में हजारों लोग हैं जिन्होंने हिंसा को झेला है। किसी का घर जला दिया गया है, किसी की बहन के साथ दुष्कर्म किया गया है, और किसी के भाई और माता-पिता की हत्या कर दी गई है। यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंककर आग लगा दी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कुछ समय पहले मणिपुर गया था। मैं 19 साल से राजनीति में हूं और मैंने कभी भी मणिपुर में जो अनुभव किया, ऐसा कभी अनुभव नहीं किया। आगे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में हर जगह खून है, हर जगह हत्या हो रही है, मणिपुर में यही स्थिति है और प्रधानमंत्री ने संसद में 2 घंटे, 13 मिनट तक बात की लेकिन वह मणिपुर पर दो मिनट तक बोले, वे हंसे उन्होंने मजाक किया। उनका मंत्रिमंडल हँस रहा था, जोक कर रहा था।

उन्होंने मोदी पर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप 'भारत माता' (मणिपुर) की हत्या के बारे में दो मिनट बोलते हैं। आप भारत के विचार का अनादर कैसे कर सकते हैं? आप वहां क्यों नहीं गए? आपने हिंसा रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं हैं। जो कोई भी भारत के विचार की हत्या करता है वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता।

जोरदार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नहीं समझते कि परिवार क्या होता है? वे यह नहीं समझते कि जितना वे तुम्हें और मुझे अलग करने की कोशिश करेंगे, हम उतने ही करीब आ जायेंगे। उन्हें लगता है कि अगर हम राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता टूट जाएगा।

## सांसदी बहाली के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल

अगर आप राहुल गांधी को अयोग्य करार देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता और भी मजबूत हो जाएगा।

इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऊटी के पास मुथुनाडु गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। राहुल गांधी से टोडा की महिलाओं ने उनसे कहा कि वह प्रधानमंत्री के रूप में इस स्थान पर लौटें। इसी के साथ उन्होंने सामुदायिक देवता के मंदिर का दौरा किया और वहां की पारंपरिक प्रथाओं को देखा।

इससे पहले राहुल गांधी सांसदी जाने के 16 दिन बाद 10 अप्रैल 2023 को वायनाड गए थे। तब उन्होंने यहां जनसभा में कहा था कि मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सबसे मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वो मुझे जेल में भी डाल दें, फिर भी मैं सवाल पूछता रहूंगा।

## मोदी मणिपुर पर हमारी बात लगातार टालते रहे



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चांद से लेकर चीता तक पर बात करते हैं, लेकिन मणिपुर के मुद्दे विपक्ष की मांग के बावजूद बयान नहीं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगा था कि वे मणिपुर पर भी बोलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विपक्ष सदन में ये गुहार लगाता रहा कि मणिपुर में हालात गंभीर होते जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी सदन में आकर अपनी बात रखें। अधीर ने कहा कि मोदी मणिपुर मुद्दे पर हमारी बात लगातार टालते रहे और फिर हम आखिरी विकल्प के रूप में अविश्वास प्रस्ताव लाए। जिस कारण प्रधानमंत्री ने सदन में आकर बात रखी।

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ भाजपा ने की शिकायत, मुख्यमंत्री बोले-

# 50 प्रतिशत कमीशन वाली चिट्ठी फर्जी





## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले कांग्रेस के खिलाफ करेंगे कानूनी कार्यवाही

**भोपाल, देशबन्धु।** सुर्खियों में आई कथित ठेकेदारों की 50 प्रतिशत कमीशन की चिट्ठी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फर्जी करार दिया है। उन्होंने इस मामले की इंटेलिजेंस से जांच कराई और रिपोर्ट आने के बाद उस चिट्ठी को लेकर मीडिया के सामने आए कहा कि ये फर्जी है। उन्होंने कहा कि हमने इंटेलिजेंस से जांच करवाई, जिसमें न तो वह आदमी मिला और न ही वह संगठन जिसके नाम पर चिट्ठी लिखी गई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी कांग्रेस पर फर्जी पत्र जारी करने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ बोलने का काम किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ का नाम लेते हुए कहा कि इन्होंने इस बार केन्द्रीय नेतृत्व को भी अपने झूठ में शामिल कर लिया, प्रियंका गांधी सहित अन्य बड़े नेताओं से ट्वीट करवा दिए। साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर कानूनी कार्यवाही करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इस अपराध के लिए कांग्रेस ने ये साइबर क्राइम किया है इस पर भाजपा एक्शन लेगी, क़ानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी को भी इस बात जवाब देना होगा कि ये पत्र कहां से आया, क्योंकि एक झूठे पत्र के आधार पर प्रदेश को ही नही बल्कि देश को आपने गुमराह किया है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले 10 अगस्त को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने अपने ट्विटर एकाउंट पर 'लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ' के लेटर हेड पर ग्वालियर के किसी ज्ञानेंद्र अवस्थी नाम से 25 जुलाई को जारी एक चिट्ठी शेयर की। ग्वालियर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम से संबोधित इस चिट्ठी में इन ठेकेदार (पेटी कांट्रेक्टर) ने उनके लंबित भुगतान और निर्माण कार्य के बदले सरकार के लोगों द्वारा 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की शिकायत थी।

## भ्रष्टाचार को लेकर हजारों मामले



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन के पत्र पर सियासी घमासान मच गया है। कांग्रेस की तरफ जारी पत्र को भाजपा के फर्जी बता एफआईआर करने के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के हजारों मामले है। भाजपा किस किस मामले में केस करेगी। कमलनाथ ने कहा अब जब खुलासा हो रहा है तो प्रदेश में भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है तो इनके पास उपाय क्या बचा? प्रधानमंत्री के दौरे पर कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी को सब कुछ याद आने लगा है।

# भाजपा ने प्रियंका, कमलनाथ और अन्य नेताओं की क्राइम ब्रांच में शिकायत की

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस नेताओं द्वारा षडयंत्र पूर्वक किसी ठेकेदार, एसोसिएशन के नाम से फर्जी पत्र सोशल मीडिया पर प्रचारित कर जनता को भ्रमित करने और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार की छवि धूमिल किए जाने पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने क्राइम ब्रांच भोपाल पहुंचकर प्रियंका गांधी, कमलनाथ, जयराम रमेश, अरूण यादव सहित कांग्रेस नेताओं के विरूद्ध शिकायत करते हुए कठोर कार्यवाही करने की मांग की।

गत दिनों सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मध्यप्रदेश ठेकेदार संघ द्वारा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र लिखकर शिकायत की गयी थी। प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। उक्त पत्र में शिकायतकर्ता ज्ञानेन्द्र अवस्थी एवं पता बंसत विहार कालोनी लश्कर ग्वालियर दिया गया है। उक्त नाम का न कोई संघ है और न ही कोई व्यक्ति है। शिकायतकर्ता का पता भी झूठा है। यह पत्र पूरी तरह निराधार और फर्जी है। फर्जी पत्र के माध्यम से भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने की सोची समझी साजिश है। इस पत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अरूण यादव, शोभा ओझा सहित अन्य नेताओं ने अपने ट्वीटर हैंडल से प्रचारित कर जनता में भ्रम का वातावरण पैदा किया, जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी सहित अन्य नेता शामिल थे।

'विंध्य की बेटी: मुहावरों में झलकती ममता' का कमलनाथ ने किया विमोचन, कहा-

# पुस्तक प्यार और सम्मान का स्मृति चिन्ह

## स्व. अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी सरोज कुमारी ने संकलित की है पुस्तक



**भोपाल, देशबन्धु।** अर्जुन सिंह जी के बारे में तो बहुत कुछ लिखा जायेगा पर बिंदा जी के बारे में कौन लिखेगा, वह आपको लिखना पड़ेगा, वीणा सिंह ने यह पुस्तक सम्मान और प्यार से लिखी है। यह पुस्तक अर्जुन सिंह के प्यार और सम्मान का एक मोमेंटों हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविन्द्र भवन में 'विंध्य की बेटी: मुहावरों में झलकती ममता' पुस्तक का विमोचन करते समय कही। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी सरोज कुमारी द्वारा संकलित इस पुस्तक का प्रकाशन उनकी पुत्री श्रीमती वीणा सिंह ने किया।

श्री कमलनाथ ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि अर्जुन सिंह ने अपने जीवन में सभी वर्ग के लोगों को तहजीब़ दी। उन्होंने कहा कि मेरी मंशा नहीं थी लोकसभा चुनाव लड़ने की, लेकिन उन्होंने मुझे अपने निवास पर बुलाया और मुझे पता ही नहीं था और दाऊ साहब और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज कुमारी ने मुझे अचानक बुलाकर कहा कि लोकसभा का चुनाव लड़ना है मैंने इंदिरा गांधी जी और संजय गांधी जी से बात कर ली है, मैं उनके निर्णय से हतप्रभ रह गया लेकिन मैं कुछ बोल भी नहीं सकता था, मेरे पास बोलने के लिए कोई विकल्प ही नहीं था, वह चुनाव मेरा पहला चुनाव था। चुनाव अभियान में श्रीमती सरोज कुमारी 3 हफते छिंदवाड़ा में रहीं। देर रात तक जागती थीं, मेंने सोचा कि ये तो मेरी बहन से ज्यादा मेरी सेवा करती हैं, मैंने उन्हें बहन बना लिया और उन्हें बिंदा बोलना शुरू कर दिया, वह मेरी बहन बनी। इंदिरा जी प्रधानमंत्री बनी, विधानसभा का चुनाव हुआ परिणाम आया, अुर्जन सिंह जी ने नेतृत्व किया। अर्जुन सिंह की मप्र में जो सेवा रही, वह बिंदा जी की प्रेरणा से रहीं। मैंने बड़ी करीबी से उनके परिवार को देखा है।

फाउंडेशन के ट्रस्टी, एनआरआई सैम वर्मा ने अुर्जन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुझे बहुत प्यार, मान और सम्मान दिया है। श्रीमती सरोज कुमारी का अर्जुन सिंह की सफलता के पीछे बहुत बड़ा योगदान रहा। फाउंडेशन के ट्रस्टी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि अर्जुन सिंह की पहचान सर्वहारा वर्ग के नेता के रूप में रही है। उनके जीवन का उद्देश्य हमेशा समावेशी विकास के लिए ही रहा।

फाउंडेशन की ट्रस्टी पुस्तक की प्रकाशन कराने वाली श्रीमती वीणा सिंह ने कहा कि मुझे यह बहुत अच्छा पवित्र मौका मिला है जबकि आप सबके बीच में मैं अपने माता और पिता दोनों को याद कर दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। श्री कमलनाथ से हमारा बहुत पुराना संबंध है और उन्होंने आज तक उस संबंध को निभाया सैम वर्मा हमारे परिवार के अंग है और राजेन्द्र सिंह हमारे मामा जी हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता का स्वर्गवास हुआ तो मेरी मां को 5 साल लग गए उस घड़ी को संभालने में रोज जो भी व्यक्ति आता था उससे बात तो करती थीं, लेकिन उनका ध्यान कहीं और होता था, 5 साल बीत जाने के बाद मैंने मां से कहा कि आप चिंता मत करिए, हम दाऊ साहब की याद हमेशा बनाए रखेंगे। दाऊ साहब की यादव बनाये रखने अर्जुन सिंह सद्भावना फाउंडेशन बनाया। विमोचन कार्यक्रम में मप्र के ख्याति प्राप्त बैतूल के प्रतिष्ठि वरिष्ठ समाजसेवी सैम वर्मा विशेष रूप से मंचासीन रहे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपने अंतिम चरण में : सिंह

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** 15 अगस्त को मनाई जाने वाली भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और कहा कि रविवार को एक विशाल तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 15 अगस्त की तैयारियां चल रही हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने जश्न के मद्देनजर एक बैठक की अध्यक्षता की। 13 अगस्त को एक विशाल तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। इससे पहले डीजीपी सिंह ने उत्तरी कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा का दौरा किया। जहां उन्होंने एक संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डीजीपी सिंह ने कहा कि आतंकवाद अपने अंतिम चरण में है। सक्रिय आतंकियों की अब तक की सबसे कम संख्या है, जबकि नशीली दवाओं का खतरा कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रेसवार्ता में डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर शांति की ओर बढ़ रहा है। अब तक उग्रवाद पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिससे सक्रिय आतंकवादियों की संख्या घटकर केवल दो अंकों में रह गई है। इनको भी जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। हालांकि, नशा तस्करी में बढ़ोतरी एक चुनौती है, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निपटने की जरूरत है। उन्होंने स्थानीय भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने कुपवाड़ा में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले बहादुर जवानों की याद में समर्पित पांच इमारतों का उद्घाटन किया। इनका निर्माण कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उनके बलिदान को श्रद्धांजलि के रूप में किया गया था।

दौरे के दौरान एडीजीपी कश्मीर जोन विजय कुमार, डीआईजी एनकेआर विवेक गुप्ता, एसएसपी कुपवाड़ा युगल मन्हास और एसएसपी हंदवाड़ा शीमा नबी कस्मा मौजूद रहीं। उन्होंने कंडी, क्रालपोरा और ड्रगमुला में नई पुलिस पोस्ट्स का उद्घाटन किया।

## अब पाकिस्तान ने नशा युद्ध की तरफ बदली रणनीति

जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक ने नशीली दवाओं के व्यापार की चुनौती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दशकों के उग्रवाद के बाद पाकिस्तान ने अब अपनी रणनीति को नशा युद्ध की ओर स्थानांतरित की है। इसके खिलाफ जुझारू प्रयासों की जरूरत है। जैसे हमने उग्रवाद से लड़ाई लड़ी, उम्मीद है कि हम जम्मू-कश्मीर से इस ड्रग का सफाया कर देंगे, लेकिन हमें बड़े पैमाने पर लोगों, नागरिक समाज और युवाओं के सक्रिय समर्थन की जरूरत है।

गगनयान मिशन : इसरो ने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन परीक्षण किया

# मिशन में यात्रियों को सुरक्षित ले जाना व वापस लाना शामिल

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के प्रस्तावित मानव अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने ड्रोग पैराशूट परिनियोजन का सफल परीक्षण किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, परीक्षण मंगलवार से गुरुवार तक टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज (आरटीआरएस) सुविधा में आयोजित किया गया।

परीक्षण हवाई डिलीवरी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई)/डीआरडीओ के सहयोग से आयोजित किए गए। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष तक सुरक्षित ले जाना और वापस लाना शामिल है। इसरो ने कहा कि इस मिशन का एक महत्वपूर्ण घटक ड्रोग पैराशूट की तैनाती है, जो क्रू मॉड्यूल को स्थिर करने और पुन: प्रवेश के दौरान इसके वेग को सुरक्षित स्तर तक कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मोर्टार के रूप में जाने जाने वाले पायरो-आधारित उपकरणों के भीतर पैक किए गए ड्रोग पैराशूट, कमांड पर पैराशूट को हवा में फेंकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। 5.8 मीटर व्यास वाले ये शंक्वाकार रिबन-प्रकार के पैराशूट, एकल-चरण रीफ़िंग तंत्र का उपयोग करते हैं, जो सरलता से चंदवा क्षेत्र को कम करते हैं और शुरुआती झटके को कम करते हैं, एक सहज और नियंत्रित वंश सुनिश्चित करते हैं। इसरो ने कहा कि आरटीआरएस सुविधा में किए गए तीन व्यापक परीक्षणों के दौरान, ड्रोग पैराशूट के प्रदर्शन और विश्वसनीयता का कड़ाई से मूल्यांकन करने के लिए वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों की एक श्रृंखला का अनुकरण किया गया है।

## रूस का लूना-25 लॉन्च : चंद्रमा पर पानी ढूंढने वाला यह मिशन

**मास्को, एजेंसी।** भारत के बाद रूस ने भी चांद पर अपना अंतरिक्ष यान भेज दिया है। रूस ने 47 साल बाद शुक्रवार को चांद पर अपना पहला अंतरिक्ष यान भेजा। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रासकास्माज के मुताबिक, लूना-25 मून लैंडर 21 या 22 अगस्त को चांद की कक्षा में प्रवेश कर सकता है। इस चंद्रयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रूसी अंतरिक्ष एजेंसी को बधाई दी है। एजेंसी ने यह भी उम्मीद जताई कि चंद्रयान-3 और लूना-25 दोनों मिशन अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। इसे लूना-ग्लोब मिशन का नाम दिया गया है। किट की लंबाई करीब 46.3 मीटर है और इसका व्यास 10.3 मीटर है। इसके बाद 313 टन वजनी रॉकेट 7-10 दिनों तक चांद का चक्कर लगाएगा। यह चंद्रमा पर पानी ढूंढने का मिशन है।

### 21 या 22 अगस्त को कक्षा में करेगा प्रवेश

लोकसभा से निलंबन होने पर बोले अधीर

# विपक्ष की आवाज दबा नहीं पाएगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा से निलंबित कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को कहा कि अगर लोकसभा से सस्पेंशन वापस नहीं हुआ तो जरूरत पड़ने पर वे सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान अधीर रंजन को गलत आचरण के चलते लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधीर रंजन चौधरी ने कहा, यह एक नई घटना है जिसे हमने संसद में अपने करियर में पहले कभी अनुभव नहीं किया है। यह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सत्ताधारी दल की तरफ से जानबूझकर किया गया है। यह संसदीय लोकतंत्र की भावना को कमजोर कर देगा। श्री चौधरी ने कहा कि संसद के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी इस तरह की मनमानी नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि संसद में परंपरा शब्दों को हटाने की है लेकिन उन्हीं शब्दों को रिकॉर्ड से हटाया जाता है जो असंसदीय हों लेकिन ऐसा लगता है कि संसद से सरकार की इशारे पर जानबूझकर के विपक्ष को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के नेताओं की भाषणों के अंश से सही शब्दों को भी अनुचित बताकर रिकॉर्ड से हटाया जा रहा है और विपक्ष के सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को सदस्यों को निलंबित करने और शब्दों को हटाने का अधिकार है लेकिन जानबूझकर के या किसी को निशाना बनाकर इस तरह की कदम उठाना संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है।

## जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे

## इंडिया के सांसदों ने किया था विरोध

अधीर के निलंबन के खिलाफ प्रस्ताव को लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। अधीर रंजन के सस्पेंड होने के बाद शुक्रवार को लोकसभा में मानसून सत्र के आखिरी दिन विपक्षी इंडिया के सांसदों ने हंगामा मचाया और सदन से वॉकआउट किया। निलंबन के विरोध में सांसदों ने संसद के अंदर डॉ आम्बेडकर की मूर्ति तक विरोध मार्च किया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।